डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2021-2023
लाइसेंस क्र. WPP/Tech/23-04/08/2021-2023
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

# रोज़गार और निर्माण

Join Telegram Channel Search @rojgaraurnirman

## अस्पतालों में ऑक्सीजन के उपयोग और आपूर्ति की निगरानी करेंगे नोडल अधिकारी - मुख्यमंत्री

**"भोपाल, मध्यप्रदेश को मिलने वाले ऑक्सीजन टैंकरों को लगातार ट्रैक किया जाए। हमें सभी स्त्रोतों का पूरी तरह से उपयोग करना है। प्रदेश की औद्योगिक इकाइयों से मिल सकने वाली संभावनाओं को तलाशें और ऑक्सीजन कंसंट्रेटर की उपलब्धता को भी बढ़ाएं। केन्द्र सरकार से ऑक्सीजन आपूर्ति के संबंध में निरंतर समन्वय जारी है। कोरोना से प्रभावित व्यक्तियों का इलाज कर रहे सभी छोटे-बड़े अस्पतालों में ऑक्सीजन के उपयोग और आपूर्ति की निगरानी के लिए नोडल अधिकारियों को दायित्व सौंपा जाए। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में वर्चुअल रूप से प्रदेश में कोरोना संक्रमण की स्थिति की समीक्षा करते हुए कहीं।"**

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में वर्चुअल रूप से कोरोना की स्थिति की समीक्षा करते हुये।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि टेस्टिंग में कमी नहीं आए और सर्दी, खांसी, जुकाम से प्रभावित सभी लोगों को मेडिकल किट उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। होम आइसोलेशन में रह रहे मरीजों से निरंतर संवाद, उन्हें मेडिकल किट उपलब्ध कराने और आवश्यकतानुसार मेडिकल सलाह उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। कोविड केयर सेंटरों में इस प्रकार की व्यवस्था विकसित की जाए कि कम लक्षण वाले मरीजों के लिए यह सेंटर अस्पताल के विकल्प के रूप में कार्य कर सकें। कोविड केयर सेंटरों में आवश्यक व्यवस्थाएं विकसित कर उनकी विश्वसनीयता बढ़ाना भी आवश्यक है।

**बुरहानपुर में गठित हुई कोरोना योद्धा सेल**

मुख्यमंत्री ने बुरहानपुर में कोरोना योद्धाओं की मदद के लिए आरंभ किए गए जिला कोरोना योद्धा सेल के नवाचार की प्रशंसा की। यह केन्द्र शासकीय अधिकारियों, कर्मचारियों तथा उनके परिजनों के कोविड संक्रमित होने पर उनके इलाज में मदद करेगा। इस सेल से बेड तथा जीवन-रक्षक दवाओं की उपलब्धता, टेस्टिंग और अन्य सहायता उपलब्ध होगी।

**होम आइसोलेशन की प्रभावशीलता का आंकलन करें**

श्री चौहान ने कहा कि होम आइसोलेशन की प्रभावशीलता के आकलन के लिए यह अध्ययन कराया जाए कि कितने व्यक्ति होम आइसोलेशन में स्वस्थ हुए और कितने मरीजों को होम आइसोलेशन से अस्पताल में शिफ्ट करना पड़ा।

### ग्राम पंचायतों ने स्वयं लगाया कोरोना कर्फ्यू

मुख्यमंत्री ने कहा कि संक्रमण की चेन तोड़ने में कोरोना कर्फ्यू प्रभावी रहा है। प्रदेश की 12 हजार 572 ग्राम पंचायतों में स्व-प्रेरणा से जनता कर्फ्यू लागू करने का संकल्प लिया गया है। यह सुनिश्चित किया जाए कि ग्राम पंचायतें अपने क्षेत्रों में 30 अप्रैल तक कोरोना कर्फ्यू का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें और अन्य पंचायतें भी अपने क्षेत्रों में स्व-प्रेरणा से कोरोना कर्फ्यू लागू करें।

**छिंदवाड़ा में संक्रमण नियंत्रण के लिए हुई प्रभावी कार्रवाई**

मुख्यमंत्री ने कहा कि छिंदवाड़ा में संक्रमण नियंत्रण के लिए टेस्टिंग बढ़ाने के साथ टेस्ट रिपोर्ट जल्दी प्राप्त करने की व्यवस्था करते हुए संक्रमित क्षेत्रों को रेड, ऑरेंज और ग्रीन कंटेनमेंट जोन बनाकर संक्रमण नियंत्रण की प्रभावी कार्रवाई की गई है। इस प्रकार की कार्यवाहियां अन्य संक्रमित जिलों में भी की जानी चाहिए।

**कोविड केयर सेंटर्स में 7,437 बेड उपलब्ध**

बैठक में जानकारी दी गई कि 141 कोविड केयर सेंटर का संचालन आरंभ हो गया है। जिनमें सात हजार 437 आइसोलेशन बेड और 523 ऑक्सीजन बेड उपलब्ध हैं। प्रदेश में 55 हजार 506 मरीज होम आइसोलेशन में रह रहे हैं। इनमें से 43 हजार 680 मरीजों को मेडिकल किट उपलब्ध कराई दी गई है और 47 हजार 975 मरीजों से फोन पर सम्पर्क कर आवश्यक चिकित्सकीय सलाह दी गई। हरदा में निजी नर्सिंग होम के 8 चिकित्सक जिला कमाण्ड एण्ड कंट्रोल सेंटर के माध्यम से होम आइसोलेशन में रह रहे मरीजों को आवश्यक चिकित्सकीय सलाह दे रहे हैं। मुख्यमंत्री ने पन्ना और कटनी की अधिक पॉजिटिविटी रेट देखते हुए इन जिलों में विद्यमान परिस्थितियों की समीक्षा की।

### संपूर्ण प्रदेश में किल कोरोना अभियान-2

संपूर्ण प्रदेश में किल कोरोना अभियान-2 लागू करने के निर्देश जारी किए जा चुके हैं। अलीराजपुर में 168, बड़वानी में 323, बैतूल में 432, छिंदवाड़ा में 331, झाबुआ में 308 और खरगोन में 471 टीमों द्वारा गांव-गांव सर्वे किया गया। अब इस अभियान के अंतर्गत जिस भी विकासखंड में कोरोना के पॉजिटिव प्रकरण अधिक होंगे, वहां स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा सर्वे किया जाएगा।

**मध्यप्रदेश में**

### कक्षा 9वीं एवं 11वीं की वार्षिक परीक्षा निरस्त

**भोपाल,** प्रदेश के सभी शासकीय विद्यालयों में कक्षा 9वीं एवं 11वीं की वार्षिक परीक्षा नहीं ली जाएंगी। विद्यार्थियों का मूल्यांकन अकादमिक सत्र के दौरान लिए गए रिवीजन टेस्ट और अर्द्धवार्षिक परीक्षा के मूल्यांकन के आधार पर किया जाएगा। प्रदेश में वर्तमान कोरोना संक्रमण के विस्तार और जिलों में कोरोना कर्फ्यू की स्थिति के दृष्टिगत स्कूल शिक्षा विभाग ने इस आशय के आदेश जारी किए हैं।

आयुक्त लोक शिक्षण श्रीमती जयश्री कियावत ने बताया कि विभाग द्वारा 20 नवंबर से 28 नवंबर तक लिए गए रिवीजन टेस्ट और एक फरवरी से 9 फरवरी तक आयोजित अर्द्धवार्षिक परीक्षा में से विद्यार्थियों द्वारा जिसमें बेहतर अंक प्राप्त किए हों, उसके आधार पर कक्षा नौवीं एवं 11वीं के विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम घोषित किया जाएगा। परीक्षा परिणाम की गणना बेस्ट फाइव के आधार पर की जाएगी, यदि विद्यार्थी छह में से पांच विषयों में पास है और एक विषय में न्यूनतम निर्धारित 33 अंक प्राप्त नहीं कर सका हो, तो भी उसे पास घोषित किया जाएगा। एक से अधिक विषयों में न्यूनतम निर्धारित अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए अधिकतम 10 अंक कृपांक के रूप में प्रदान किए जा सकेंगे। कृपांक के अधिकतम 10 अंक आवश्यकता अनुसार एक से अधिक विषयों में भी आवंटित किए जा सकेंगे।

श्रीमती कियावत ने बताया कि यदि विद्यार्थी को दो अथवा अधिक विषयों में न्यूनतम निर्धारित अंक प्राप्त नहीं हुए हों, तो उसे परीक्षा के लिए द्वितीय अवसर प्रदान किया जाएगा। ऐसे विषय, जिनमें विद्यार्थी द्वारा पूर्व परीक्षा में न्यूनतम निर्धारित अंक प्राप्त नहीं किए गए थे, उन्हें उन विषयों में पुनः परीक्षा देनी होगी।

**खास खबर**

### दमोह विधानसभा के उप निर्वाचन में 59.81 प्रतिशत हुआ मतदान

**भोपाल,** दमोह जिले के विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-55 दमोह में हुए उप निर्वाचन के लिये मतदान शांतिपूर्वक सम्पन्न हुआ। मतदान प्रातः 7 बजे से शुरू होकर सायं 7 बजे तक चला। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार सायं 7 बजे तक कुल 59.81 प्रतिशत मतदान हुआ। कुल एक लाख 43 हजार 431 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। इनमें 82 हजार 661 पुरुष और 7 हजार 770 महिला मतदाताओं ने मतदान किया।

### अंदर के पृष्ठों पर


- **खेल चर्चा**- प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण
- **सामयिकी**- देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं
- **चर्चा में**- प्रमुख चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **पिछला सप्ताह**- देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण


**कोरोना महामारी के दौरान**

## निर्धन उपभोक्ताओं को तीन माह का राशन मुफ्त दिया जाएगा

**भोपाल,** शहरों और कस्बों के साथ ही प्रदेश के ग्रामों में भी संक्रमण बढ़ने से रोकना है। ग्रामों में जो सुरक्षित हैं, वे सुरक्षित रहें और बाहर न निकलें। जहां अधिक संक्रमित रोगी हैं वहां कन्टेनमेंट जोन बनाकर संक्रमण नियंत्रण सुनिश्चित करें। हर स्थिति में संक्रमण की चेन तोड़ना है। रहवासी संघ और स्वैच्छिक संगठन सहयोग करें ताकि जो व्यवस्थाएं छोटी पड़ रही हैं, उन्हें पर्याप्त बनाया जा सके। ये बातें मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के कलेक्टरों से संवाद करते हुए कहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के सभी पात्र निर्धन उपभोक्ताओं को उचित मूल्य की दुकानों से एक साथ तीन माह का राशन निःशुल्क मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में संक्रमित रोगियों के लिए पर्याप्त ऑक्सीजन की व्यवस्था के लिए युद्ध स्तर पर प्रयास किए गए हैं। रेमडेसिविर इंजेक्शन भी लगातार आ रहे हैं। इनका न्यायपूर्ण वितरण सुनिश्चित किया जाए ताकि किसी रोगी की सांस की डोर न टूटे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आइसोलेशन से जुड़ी पूरी व्यवस्थाएं जिलों में सुनिश्चित करें। जिन व्यक्तियों को सर्दी-खांसी, बुखार है, वे तत्काल जांच करवाएं, जांच की रिपोर्ट आने तक स्वयं को आइसोलेशन में रखें। सैंपल देने के बाद बहुत से लोग घूमते रहते हैं। इस पर भी नियंत्रण करना है। इससे परिवार को संक्रमित होने से बचाया जा सकेगा।

श्री चौहान ने कलेक्टर्स से कहा कि जिन जिलों में ऑक्सीजन प्लांट स्वीकृत किए गए हैं, वे प्लांट स्थापना का कार्य प्रारंभ करें। कुछ जिलों में ऑक्सीजन सिलेंडर लेने की पहल सराहनीय है। कलेक्टर द्वारा स्थानीय प्रबंध भी सुनिश्चित हों।

श्री चौहान ने कहा कि आगामी 30 अप्रैल तक घर से न निकलें, संक्रमण की चेन तोड़ें। भारत और मध्यप्रदेश हम सबकी माँ है, इसके दूध की लाज रखना है। समाज, इस संकट में साथ खड़ा हो। मुख्यमंत्री ने कलेक्टर्स से कहा कि आइसोलेशन केन्द्रों के लिए निजी और सरकारी भवन का उपयोग करें।

## रेमडेसिविर की कालाबाजारी करने वालों पर रासुका लगायें : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान एक उच्च स्तरीय बैठक को संबोधित करते हुये।

**भोपाल,** रेमडेसिविर इंजेक्शन की कालाबाजारी करने वालों के विरुद्ध रासुका के तहत कार्यवाही की जाए। ऑक्सीजन आपूर्ति के संबंध में गलत अफवाह उड़ाने वालों और भ्रामक जानकारियां देने वालों के खिलाफ भी कार्यवाही हो। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कोरोना संक्रमण की स्थिति पर वर्चुअली उच्च स्तरीय बैठक में कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना कर्फ्यू के लिए जिस तरह से जनता आगे आई है और सभी ने सहयोग किया है, उससे संक्रमण फैलने की गति कम हुई है। जनता के साथ जनता के सहयोग से कोरोना कर्फ्यू को बनाए रखना जरूरी है। हमारा लक्ष्य प्रदेश की जनता को संक्रमण से बचाना है। अतः घर पर ही रहें अनावश्यक बाहर न निकलें और संक्रमण की चेन को तोड़ें। हमारा लक्ष्य है कि प्रदेश के पॉजिटिव हुए लोगों को जल्द से जल्द स्वास्थ्य लाभ मिले।

श्री चौहान ने जानकारी दी कि ऑक्सीजन आपूर्ति के लिए डीआरडीओ सहित केंद्र सरकार स्तर पर लगातार बातचीत जारी है। ऑक्सीजन की आपूर्ति में हर संभव सहयोग मिल रहा है। कोरोना संक्रमण पर नियंत्रण और इलाज की व्यवस्था के संबंध में मंत्रियों को सौंपे गए दायित्व का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

*(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)*

## 17 अप्रैल

### इस्तीफा देंगे राउल कास्त्रो

● क्यूबा के पूर्व राष्ट्रपति राउल कास्त्रो ने कहा कि वे कम्युनिस्ट पार्टी के प्रमुख के

पद से इस्तीफा दे रहे हैं। कास्त्रो ने कहा कि वे युवा पीढ़ी को पार्टी का नेतृत्व सौंप रहे हैं। 89 वर्षीय कास्त्रो ने अभी यह नहीं बताया कि उन्होंने किसे अपना उत्तराधिकारी चुना है। राउल कास्त्रो के इस्तीफे के साथ ही वर्ष 1959 की क्यूबा क्रांति के बाद यह पहला अवसर होगा, जब क्यूबा में कास्त्रो परिवार का कोई सदस्य देश के मामलों का नेतृत्व नहीं करेगा। राउल से पहले उनके बड़े भाई फिदेल कास्त्रो क्यूबा की सत्ता में थे। फिदेल कास्त्रो को क्यूबा क्रांति का जनक भी कहा जाता है।

● चीन तेल या प्राकृतिक गैस के बदले ईरान को अपना हेवीवेट लड़ाकू विमान जे-10 सी नहीं देगा। यह दावा चीन के सैन्य विश्लेषक मिन्नाए चान ने साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट में लिखे एक लेख में किया है। चीन के अनुसार ईरान 36 उन्नत चीनी लड़ाकू विमान खरीदना चाहता है, लेकिन उसे नकदी जुटाने में कठिनाई हो सकती है। ऐसे में ईरान तेल तथा प्राकृतिक गैस के बदले चीन से जे-10 सी लड़ाकू विमान चाहता है। उल्लेखनीय है कि ईरान पर संयुक्त राष्ट्र द्वारा 13 वर्ष पूर्व लगाया गया हथियार प्रतिबंध अक्टूबर 2020 में समाप्त हो गया है। अब ईरान अपने हथियार क्षमता में इजाफा करना चाहता है।

## 18 अप्रैल

### अफगानिस्तान के लोगों के साथ है भारत– विदेश मंत्री

● भारत के विदेश मंत्री श्री एस. जयशंकर ने टेलीफोन पर अफगानिस्तान के विदेश

मंत्री मोहम्मद हनीफ अतमर के साथ चर्चा के दौरान कहा कि भारत हमेशा अफगानिस्तान के लोगों के साथ खड़ा रहेगा। श्री जयशंकर ने कहा कि अफगानिस्तान के साथ बातचीत के दौरान अफगान शांति प्रक्रिया में पड़ोसियों की भूमिका का मुद्दा भी उठाया गया। बातचीत के दौरान अमेरिका द्वारा अफगानिस्तान से अपने सैनिकों की वापसी के संबंध में की गई घोषणा के मद्देनजर उभरती स्थिति पर भी चर्चा की गई।

● मिस्त्र की राजधानी काहिरा में एक बड़ी ट्रेन दुर्घटना हुई, एक यात्री ट्रेन पटरी से उतर गई। इस हादसे में 32 यात्रियों की मृत्यु हो गई, जबकि 110 से अधिक यात्री गंभीर रूप से घायल हैं। मिस्त्र के स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि दुर्घटना के तुरंत बाद मौके पर 60 एंबुलेंस पहुंचाई गई हैं। साथ ही राहत और बचाव कार्य भी तेजी से किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि मिस्त्र में पिछले 24 दिनों में यह दूसरा बड़ा ट्रेन हादसा है। इससे पहले 26 मार्च को हुए ट्रेन हादसे में लगभग 40 लोगों की मौत हो गई थी।

● श्रीलंका में विपक्षी दलों और कई सामाजिक संगठनों ने चीन द्वारा विकसित की जाने वाली कोलंबो पोर्ट सिटी पर सवाल उठाए हैं। इन संगठनों ने सुप्रीम कोर्ट में इस संबंध में कई याचिकाएं दायर की हैं। श्रीलंका के वित्तीय मामलों के मंत्री अजीत कावराल ने कहा कि नए कानून से देश की संप्रभुता को कोई खतरा नहीं है। इससे देश में पूंजी निवेश होगा और रोज़गार के अवसर बढ़ेंगे। उल्लेखनीय है कि श्रीलंकाई सरकार ने कोलंबो पोर्ट सिटी को विकसित कराने के लिए कानून बनाया है।

## 19 अप्रैल

### कोरोना महामारी के कारण जेईई मेन परीक्षा हुई स्थगित

● कोरोना महामारी के बढ़ते हुए प्रकरणों को देखते हुए जेईई (ज्वाइंट इंजीनियरिंग

एग्जाम) मेन परीक्षा को स्थगित किया गया है। यह परीक्षा 27, 28 और 30 अप्रैल को आयोजित होनी थी। केंद्रीय शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि जेईई मेन परीक्षा को कोरोना की वर्तमान परिस्थिति को देखते हुए स्थगित किया गया है। कोरोना संक्रमण की स्थिति सामान्य होने पर परीक्षा की नई तिथियों की घोषणा की जाएगी। इससे पहले सीबीएसई की बोर्ड परीक्षाएं तथा नीट पीजी परीक्षा भी स्थगित की जा चुकी हैं। उल्लेखनीय है जेईई मेन 2021 परीक्षा 4 सत्र में आयोजित होनी है। इस परीक्षा का पहला सत्र फरवरी तथा दूसरा सत्र मार्च में आयोजित हो चुका है।

● भारतीय सेना के चार सदस्यीय दल ने नाइजीरिया में 200 सैनिकों को गुरिल्ला युद्ध का प्रशिक्षण दिया। यह प्रशिक्षण शिविर तीन महीने तक चला। भारतीय सेना के अधिकारियों ने बताया कि मोबाइल प्रशिक्षण टीम के चार अधिकारियों ने नाईजीरिया सेना की इंफेंट्री और विशेष बल को चरमपंथ और आतंकवाद विरोधी प्रशिक्षण दिया। यह प्रशिक्षण शिविर नाइजीरिया आर्मी स्कूल ऑफ इंफेंट्री में 22 जनवरी से 18 अप्रैल तक आयोजित किया गया। उल्लेखनीय है कि नाइजीरिया में आतंकी संगठन बोको हरम ने काफी आतंक मचा रखा है। नाइजीरियाई सेना गुरिल्ला युद्ध के जरिए बोको हरम को खत्म करना चाहती है।

● अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में 185 दिन बिताने के बाद 3 अंतरिक्ष यात्री सकुशल धरती पर लौट आए। इन अंतरिक्ष यात्रियों में अमेरिका के केट रुबिंस, रूस के सर्गेई रिझकोव और सर्गेई कुद स्वेरचकोव शामिल हैं। इन अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर सोयूज एमएस-18 कैप्सूल कजाकिस्तान के देजकाजगन शहर से 150 किलोमीटर दूर एक शहर में उतरा। तीन अंतरिक्ष यात्रियों ने बदले हुए गुरुत्वाकर्षण के अनुसार अपने आपको ढालना शुरू कर दिया है।

## 20 अप्रैल

### आईआईटी मंडी ने बनाया एंटी बैक्टीरियल मास्क फैब्रिक

● भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मंडी के शोधकर्ताओं ने फेस मास्क तथा पीपीई किट बनाने के लिए एक ऐसा फैब्रिक तैयार किया है, जो वायरस को फिल्टर करने के साथ खुद अपनी सफाई करने में भी सक्षम है। इस एंटी बैक्टीरियल फैब्रिक को धूप में रखने पर सभी वायरस खत्म हो जाते हैं। यह जानकारी अमेरिकन केमिकल सोसायटी के जर्नल एलाइड मैटीरियल एंड इंटरफेस में प्रकाशित की गई है। इस फैब्रिक को आईआईटी मंडी के सहायक प्राध्यापक डॉ. अमित जायसवाल और उनकी टीम ने तैयार किया है। डॉ. जायसवाल ने बताया कि कोरोना महामारी के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए हमने मास्क और पीपीई किट को बेहतर बनाने के लिए काम किया है। इसके तहत कपड़े पर एंटी बैक्टीरियल कोटिंग की गई है। इस तरह के मास्क तथा पीपीई किट से जैविक कचरा कम होगा।

● रूसी सरकार की जेल सेवा ने एक बयान में कहा कि तीन सप्ताह से भूख हड़ताल पर बैठे विपक्षी नेता ऐलेन्सेई नवेलनी को जेल अस्पताल में भर्ती किए जाने का निर्णय लिया गया है। इस घोषणा से दो दिन पहले नवेलनी के डॉक्टर ने कहा था कि हड़ताल के कारण नवेलनी का स्वास्थ्य तेजी से बिगड़ता जा रहा है और वे मौत की कगार पर पहुंच गए हैं। नवेलनी को मास्को से 180 किलोमीटर दूर कैदियों के लिए बने एक अस्पताल में रखा जाएगा।

● ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन का प्रस्तावित भारत दौरा रद्द हो गया है। बोरिस

जॉनसन ने भारत में कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखते हुए यह फैसला लिया है। यह पिछले तीन महीने में दूसरा अवसर है, जब ब्रिटिश प्रधानमंत्री का भारत दौरा रद्द हुआ है। इससे पहले बोरिस जॉनसन को 26 जनवरी पर गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भारत आना था, लेकिन तब ब्रिटेन में कोरोना संक्रमण तेजी से बढ़ रहा था। अब भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन इसी महीने के अंत तक दोनों देशों के बीच संबंधों को लेकर वर्चुअली चर्चा कर सकते हैं।

## 21 अप्रैल

### वित्त विधेयक में संशोधनों को मिली मंजूरी

● केंद्रीय मंत्रिमंडल ने वित्त विधेयक 2021 में किए गए आधिकारिक संशोधनों को मंजूरी प्रदान की है। इन संशोधनों का उद्देश्य कर प्रस्तावों को युक्तिसंगत बनाना है। वित्त मंत्रालय ने बताया कि वित्त विधेयक के प्रस्तावों को स्पष्ट करने, उसे युक्तिसंगत बनाने और वित्त विधेयक के प्रस्तावों को लेकर संबंधित पक्षों में चिंताओं को दूर करने के लिए संशोधन जरूरी थे। यह वित्त विधेयक 28 मार्च 2021 को राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद वित्त कानून बन गया है। वित्त विधेयक 2021 में संशोधन कर से जुड़े प्रस्ताव हैं, जिससे सरकार को समय पर राजस्व के सृजन और करदाताओं की शिकायतों के निवारण के जरिए प्रावधानों को सरल बनाने में मदद मिलेगी।

● बोइंग 737 मैक्स विमान एक बार फिर भारतीय क्षेत्र के ऊपर उड़ान भर सकेंगे।

Directorate General of Civil Aviation

नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) द्वारा जारी एक आदेश में कहा गया कि इस विमान को पट्टे पर लेने वाली कंपनियों को अपने खड़े बोइंग 737 मैक्स विमानों को नियामक की अनुमति के बाद भारत से बाहर ले जाने की अनुमति होगी। इथोपिया में मार्च 2019 में हुए एक विमान हादसे के बाद इस विमान की उड़ान को प्रतिबंधित कर दिया गया था। तब से इन विमान की तकनीकी खामियों की जांच चल रही थी।

● भारतीय अमेरिकियों के एक समूह ने एशियाई समुदाय के राजनीतिक सशक्तिकरण के लिए साउथ एशियंस फॉर अमेरिका (एसएएफए) संगठन बनाया है। इस संगठन को बनाने वाले सभी सदस्य अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव में जो बाइडेन की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले लोग हैं। इस संगठन का उद्देश्य नागरिकों की भागीदारी, राजनीतिक भागीदारी और दक्षिण एशियाई लोगों के नेटवर्क को बढ़ाना है।

## 22 अप्रैल

### इंडोनेशिया की पनडुब्बी हुई लापता

● इंडोनेशिया की नौसेना की एक पनडुब्बी लापता हो गई है, जिसमें 53 लोग सवार थे। इंडोनेशियाई नौसेना ने तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। इस पनडुब्बी में 53 लोग सवार थे। इंडोनेशियाई सेना के प्रमुख हादी जहजंतो ने बताया कि के.आर.आई. नागग्गला 402 पनडुब्बी एक प्रशिक्षण अभियान में हिस्सा ले रही थी। माना जा रहा है कि यह पनडुब्बी बाली के उस क्षेत्र से लगभग 95 किलोमीटर दूरी पर गायब हो गई। इंडोनेशिया ने पनडुब्बी की खोज के लिए सिंगापुर और ऑस्ट्रेलिया से मदद मांगी है। यह पनडुब्बी जर्मनी में बनी है और 1980 के दशक से सेवा में है।

● फ्रांस से चार राफेल विमानों की खेप भारत पहुंच गई है। इस खेप को भारतीय वायुसेना के प्रमुख एयर चीफ मार्शल आर.के.एस. भदौरिया ने फ्रांस के मेरीग्नाक वॉरडॉक्स एयरबेस से भारत के लिए रवाना किया। भारतीय वायुसेना के अनुसार ये

चारों विमान आठ हजार किलोमीटर की नॉन स्टॉप उड़ान भरकर भारत पहुंचे। ये विमान गुजरात के जामनगर स्थित एयरबेस पर पहुंचे। उड़ान के दौरान इन विमानों को फ्रांसीसी और यूएई के फ्यूल टैंकर्स ने मिड एयर रिफ्यूरिंग की। इन विमानों के भारत पहुंचते ही वायुसेना के पास कुल 18 राफेल विमान हो गए और राफेल का एक स्क्वॉड्रन पूरा हो गया है। अब राफेल विमानों का दूसरा स्क्वॉड्रन पश्चिम बंगाल के हाशिमारा एयरबेस पर तैनात किया जायेगा।

● नीदरलैंड्स की पुलिस ने अपने विशेष बल में स्पॉट नामक रोबोडॉग को शामिल किया है। यह रोबोडॉग ड्रग लैब में प्रवेश कर जांच में पुलिस की मदद करेगा। इस रोबोडॉग का परीक्षण मार्च में हुआ था। अब इसे ड्रग लैब की जांच में सहयोग का काम सौंपा गया है। यह रोबोडॉग कैमरे और अन्य सेंसर का उपयोग करता है।

## 23 अप्रैल

### ऑस्ट्रेलिया ने रद्द की चीन की बेल्ट एंड रोड परियोजना

● ऑस्ट्रेलिया ने अपने राष्ट्रीय हितों को ध्यान में रखते हुए चीन की महत्वाकांक्षी परियोजना बेल्ट एंड रोड को रद्द कर दिया है। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन ने एक आदेश में विक्टोरिया राज्य की सरकार तथा नेशनल डेवलपमेंट एंड रिफॉर्म कमीशन ऑफ चाइना के बीच हुए बेल्ड एंड रोड करार को खत्म कर दिया है। यह समझौता 8 अक्टूबर 2018 को किया गया था। ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्री मॉरिस पायने ने कहा कि यह निर्णय नए कानून के तहत लिया गया है। यह कानून संघीय सरकार को निचले प्रशासनिक स्तर पर किए गए। ऐसे अंतर्राष्ट्रीय समझौतों की अनदेखी की शक्तियां प्रदान करता है, जो राष्ट्रहित का उल्लंघन करती हो। ऑस्ट्रेलिया के इस निर्णय का चीन ने कड़ा विरोध किया है।

● श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड ने कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखते हुए अमरनाथ यात्रा के पंजीकरण की प्रक्रिया पर अस्थाई तौर पर रोक लगा दी है। बोर्ड के इस फैसले से जून में शुरू होने वाली अमरनाथ यात्रा के रद्द होने की आशंका बढ़ गई है। कोरोना महामारी के कारण पिछले वर्ष भी अमरनाथ यात्रा को स्थगित रखा गया था। बोर्ड ने कहा है कि हालात सुधरने के बाद यात्रा की प्रक्रिया को फिर शुरू किया जाएगा।

*(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गुगल से साभार)*

ADARSH INSTITUTE OF MANAGEMENT & SCIENCE
A. B. Road Dhamnod, Dhar (M. P.)-454552
(Affiliated to D.A.V.V.)
Mob.: 099262-79974, 98935-37647, Email: aimsrequirement@gmail.com
Requires (Under College Code- 28)
Professors, Associate Professors, Asst. Professors
● Commerce -(04) ● Zoology-(04) ● Computer Science -(04)
● Chemistry - (04) ● Hindi -(04) ● Political Science -(04)
● Physics - (04) ● English -(04) ● Sociology -(04)
● Biotechnology -(04) ● Life Science -(04) ● Education -(02)
● Botany - (04) ● Mathematics-(02) ● Sport Officer -(01)
● Seed Technology - (03) ● MSW - (03)
● Office Assistant -(01) ● Librarian -(01) ● Accountant -(01)
● Lab Technician (Biotech, Zoology, Botany, Chemistry, Computer & Physics)
Qualification & Experience as per U.G.C. norms. Salary as per norms
Apply within 10 Days with full details and attested copies & testimonial send to college address and by Email.
Principal
R-45498/2021

वर्ष 38, अंक 17 26.04.2021 से 02.05.2021
रोज़गार और निर्माण
www rojgaraurnirman.in

● प्रबंध संचालक - डॉ. सुदाम खाड़े
● सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह
● कार्यकारी सम्पादक - राजीव तिवारी
● प्रभारी अधिकारी - नरेन्द्र कुमार वनवट (प्रसार एवं विज्ञापन)
● प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
● आकल्पन - हेमंत वायंगणकर, आशा रोमन, अरविन्द टोप्पो, सुशील लांडगे
● वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

**वार्षिक सदस्य बनने के लिये** रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनीऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें :-
**रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011**
फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : madhyam.rojgar@gmail.com**
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

## सम्पादकीय

# दवाइयों की कालाबाजारी पर होगी सख्त कार्यवाही

कोरोना संक्रमण के नियंत्रण के लिए जन प्रतिनिधियों से निरंतर परामर्श किया जाए। उनसे प्राप्त सूचनाओं पर कमिश्नर त्वरित कार्यवाही करें। प्रदेश में सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करते हुए पॉजिटीविटी रेट घटाने के पूरे प्रयत्न हों, किस अस्पताल में कितने बेड हैं, इसकी जानकारी प्रचार माध्यमों के साथ ही हिंदी एप के माध्यम से भी दी जाए। समाजसेवी संगठनों को जोड़कर लोगों की मदद के लिए प्रेरित किया जाए। कोरोना संक्रमित लोग कोविड केयर सेंटर से लाभांवित हों, होम आइसोलेशन में रहने वाले रोगियों से चिकित्सक संपर्क में रहें और जरूरी मार्गदर्शन देते रहें। औषधियों और इंजेक्शन के वितरण की न्यायपूर्ण व्यवस्था हो। इनकी कालाबाजारी करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही हो। उपरोक्त बातें मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहीं। मुख्यमंत्री भोपाल स्थित अपने निवास से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए प्रदेश के कमिश्नर्स और प्रभारी अधिकारियों से कोरोना संक्रमण पर चर्चा एवं समीक्षा कर रहे थे। समीक्षा में बताया गया कि प्रदेश में ऑक्सीजन की आपूर्ति इस माह के आखिरी तक 700 मीट्रिक टन हो जाएगी। प्रदेश में ऑक्सीजन की आपूर्ति निरंतर बढ़ रही है। टैंकर्स की संख्या में भी बढ़ोत्तरी हुई है। प्रदेश के 37 जिलों में ऑक्सीजन प्लांट लगेंगे। ये प्लांट आगामी 1 से 3 महीने में स्थापित करने की तैयारी है। इससे भविष्य की दिक्कतें समाप्त होंगी। बैठक में बताया गया कि प्रदेश के संभागों को पर्याप्त संख्या में इंजेक्शन भेजे जा रहे हैं। संभागों से जिलों तक इनका वितरण सुनिश्चित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने इस संबंध में, हेटरो हेल्थ केयर लिमिटेड से भी इंजेक्शन आपूर्ति के संबंध में चर्चा की है। कंपनी को 1 लाख इंजेक्शन की आपूर्ति के लिए कहा गया है। इसके पूर्व मायलॉन लैब ने भी इंजेक्शन की आपूर्ति की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जांच रिपोर्ट 24 घंटे में उपलब्ध करवाने की व्यवस्था की जाए। टेस्ट रिपोर्ट आने तक जांच करवाने वाले व्यक्ति को आइसोलेशन में रहना है, यह परामर्श दिया जाए। संक्रमण की चेन तोड़ने के लिए प्रयासों में कोई कमी नहीं रहना चाहिए। ऐसे निर्धन परिवार जो होम आइसोलेशन में हैं, यदि उनके लक्षण गंभीर होते हैं तो उन्हें प्राथमिकता से कोविड केयर सेंटर ले जाया जाए। इन केंद्रों में चाय, नाश्ता और भोजन उपलब्ध करवाया जाए। रोगियों की पूरी देखभाल की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि रोगियों को एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल में न जाना पड़े इसके लिए बेड की उपलब्धता प्रदर्शित करें। निर्धारित नम्बरों पर नागरिकों को जानकारी मिलनी चाहिए। गंभीर रोगियों को सभी जिलों में प्रशासनिक अधिकारी अथवा अस्पताल द्वारा उपचार देने में पूरा सहयोग प्रदान किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में ऑक्सीजन और औषधियों के आवश्यक प्रबंध के लिए गुजरात, उत्तरप्रदेश और राजस्थान के मुख्यमंत्रियों से चर्चा की है। सभी राज्यों से सहयोग मिल रहा है। मध्यप्रदेश को ओडिशा और छत्तीसगढ़ से भी ऑक्सीजन आपूर्ति में सहयोग मिला है। संकट के दौर में सभी राज्यों में परस्पर सहयोग और समन्वय की भावना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आम जनता खुद कर्फ्यू व्यवस्था को लागू करे। जन सहयोग से हम शीघ्र ही इस संक्रमण पर विजय प्राप्त करेंगे। पूरे देश के साथ ही मध्यप्रदेश में भी कोरोना का संक्रमण ज्यादा है। प्रदेश सरकार समाज के सहयोग से इस पर प्रभावी नियंत्रण की कोशिश कर रही है। उम्मीद है इसमें जल्दी ही सफलता मिलेगी।

# महिला और पुरुष के मस्तिष्क में फर्क नहीं

अक्सर हमें यह सुनने को मिलता है कि महिला और पुरुष के मस्तिष्क में फर्क होता है, लेकिन हाल ही में हुए एक अध्ययन में इस बात का खुलासा हुआ है कि महिला और पुरुष के मस्तिष्क में केवल आकार का थोड़ा-सा फर्क होता है, लेकिन यह दोनों के व्यवहार को प्रभावित नहीं करता। रोजालिंड फ्रैंकलिन यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिसिन और साइंस के शोधकर्ताओं की टीम ने पुरुषों और महिलाओं के दिमाग के अन्तर पर अलग-अलग शोध कार्यों का अध्ययन किया। इस शोध के जरिए शोधकर्ता इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि दोनों के मस्तिष्क के बीच शायद ही कोई अंतर होता है। शोधकर्ता डॉ. एलियट ने कहा कि पुरुषों और महिलाओं के दिमाग थोड़े अलग होते हैं, लेकिन जरूरी खोज यह है कि यह अंतर जेंडर के कारण नहीं, बल्कि मस्तिष्क के आकार के कारण होता है। इस शोध से यह बात स्पष्ट होती है कि आकार पुरुष और महिला के मस्तिष्क के बीच का एकमात्र अंतर है। महिलाओं का मस्तिष्क पुरुषों के मुकाबले लगभग 11 फीसदी छोटा होता है। एलियट ने कहा कि बड़े और छोटे सिर के आकार वाले पुरुषों के बीच मस्तिष्क अंतर भी उतना ही होता है, जितना कि औसत पुरुष और महिला के बीच मस्तिष्क का अंतर। शोधकर्त्ताओं ने कहा कि जरूरी बात यह है कि मस्तिष्क में आकार संबंधी मतभेद पुरुषों और महिलाओं के बीच व्यावहारिक अंतर के लिए जिम्मेदार नहीं हो सकता है। जैसे कि सहानुभूति या स्थातिक कौशल या अन्य आदतें और व्यवहार। एलियट ने कहा कि स्त्री और पुरुषों के दिमाग को लेकर सिर्फ मतभेद है। वास्तव में कोई अन्तर नहीं है।

**- देवेश तिवारी**
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

**बौद्धिक संपदा दिवस** | **26 अप्रैल**

# भौतिक संपत्ति की तरह ही बौद्धिक संपदा का भी है अपना खास महत्व

मनुष्य अपनी बौद्धिक क्षमता से कई तरह के आविष्कार और नई रचनाओं का सृजन करता है। ऐसे में उसके द्वारा किए गए विशेष आविष्कारों पर उस व्यक्ति का पूरा अधिकार भी होता है, लेकिन उसके इस अधिकार को बचाकर यानी संरक्षित करके रखना हमेशा से चिंता का विषय भी रहा है। चूंकि बौद्धिक संपदा अधिकार मानव मस्तिष्क की उपज है, इस लिहाज से भारत ही नहीं बल्कि दुनिया के सभी देश कई सदियों से अपने-अपने कानून बनाकर इन्हें सुरक्षित करते चले आ रहे हैं। बौद्धिक संपदा कितनी महत्वपूर्ण है इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि संयुक्त राष्ट्र द्वारा इसके लिए विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (डब्ल्यूआईपीओ) की स्थापना की गई थी। बौद्धिक संपदा संरक्षण हेतु अंतर्राष्ट्रीय मानदंडों एवं मानकों का विकास तथा अनुप्रयोग इस संगठन की गतिविधियों का मूलभूत अंग है। बौद्धिक संपदा को संरक्षण और प्रोत्साहन देने के लिए प्रत्येक वर्ष 26 अप्रैल को संपूर्ण विश्व में बौद्धिक संपदा दिवस मनाया जाता है। अच्छी बात यह है कि बौद्धिक संपदा को लेकर जनसामान्य में जागरूकता बढ़ रही है।

### विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (डब्ल्यूआईपीओ)

डब्ल्यूआईपीओ (WIPO) संयुक्त राष्ट्र की 15 विशिष्ट एजेंसियों में से एक है। इसका पूरा नाम World Intellectual Property Organization यानी विश्व बौद्धिक संपदा संगठन है। रचनात्मक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने और विश्व में बौद्धिक संपदा संरक्षण को बढ़ावा देने के लिये इसका गठन वर्ष 1967 में किया गया था। इस प्रकार से यह संयुक्त राष्ट्र की सबसे पुरानी एजेंसियों में से एक है। इसका मुख्यालय जिनेवा, स्विट्जरलैंड में है। संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य देश इसके सदस्य बन सकते हैं, लेकिन यह बाध्यकारी नहीं है। वर्तमान में 193 देश इसके सदस्य हैं। फिलिस्तीन को इसमें स्थायी पर्यवेक्षक का दर्जा मिला हुआ है तथा लगभग 250 NGO और अंतर-सरकारी संगठन इसकी बैठकों में बतौर आधिकारिक पर्यवेक्षक शामिल होते हैं। इस समय इसके डायरेक्टर डैरेन टैंग (Daren Tang) हैं। भारत 1975 से डब्ल्यूआईपीओ का सदस्य है और डब्ल्यूआईपीओ द्वारा प्रशासित कई संधियों के लिए पार्टी है।

डब्ल्यूआईपीओ के प्रमुख कार्यों की बात करें तो यह अंतर्राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा नियमों को बनाने के लिये एक नीतिगत मंच का काम करता है। विभिन्न देशों की सीमाओं के पार बौद्धिक संपदा संरक्षण और विवादों को हल करने के लिये वैश्विक सेवाएं देता है। बौद्धिक संपदा प्रणालियों को आपस में जोड़ने और ज्ञान साझा करने के लिये तकनीकी आधारभूत संरचना बनाना भी इसके जिम्मे है। सभी सदस्य देशों को आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विकास के लिये बौद्धिक संपदा का उपयोग करने में सक्षम बनाने के लिये सहयोग और क्षमता निर्माण कार्यक्रम चलाना भी इसका काम है।

### इस वर्ष की थीम है IP & SMEs : Taking your ideas to market

बौद्धिक संपदा दिवस हर वर्ष एक विशेष थीम के साथ मनाया जाता है, वर्ष 2021 की थीम IP & SMEs : Taking your ideas to market तय की गई है। इस वर्ष की थीम एसएमई यानी लघु एवं मध्यम उद्यम के लिए उत्पन्न होने वाले आइडिया के लिए समर्पित है, क्योंकि दुनियाभर में लाखों ऐसे उद्यम कुछ खास विचार से शुरू किए जाते हैं। लघु एवं मध्यम उद्यम की बात करें तो यह दुनियाभर के कुल विनजेस का लगभग 90 फीसदी हिस्सा है। इसमें दुनिया के कुल वर्कफोर्स का करीब 50 प्रतिशत हिस्सा आता है और इनसे देशों की 40 फीसदी कमाई होती है। इस साल डब्ल्यूआईपीओ का संदेश है कि आईपी यानी बौद्धिक संपदा और लघु एवं मध्यम उद्यम साथ में आगे बढ़ते हुए अपने विचारों को मार्केट में उतारें।

### बौद्धिक संपदा से क्या तात्पर्य है?

प्रसिद्ध विद्वान जेरेमी फिलिप्स के अनुसार बौद्धिक संपदा से अभिप्राय ऐसी वस्तुओं से है जो व्यक्ति द्वारा बुद्धि के प्रयोग से उत्पन्न होती हैं। इसके अनुसार हम यह कह सकते हैं कि किसी व्यक्ति या संस्था द्वारा सृजित कोई संगीत, साहित्यिक कृति, कला, खोज, प्रतीक, नाम, चित्र, डिजाइन, कॉपीराइट, ट्रेडमार्क और पेटेंट इत्यादि बौद्धिक संपदा हैं। जिस प्रकार कोई किसी भौतिक धन का स्वामी होता है, उसी प्रकार कोई बौद्धिक संपदा का भी स्वामी हो सकता है।

### बौद्धिक संपदा के लिए बनाए गए हैं कानून

बौद्धिक संपदा एक अमूल्य संपदा है, इसलिए इसके अधिकार के लिए कानून भी बनाए गए हैं। इस अधिकार के अंतर्गत कोई भी अपनी बौद्धिक संपदा के उपयोग का नियंत्रण कर सकता है, साथ ही उसका उपयोग करके भौतिक संपदा भी अर्जित कर सकता है। बौद्धिक संपदा संरक्षण के क्षेत्र में साहित्यिक चोरी और अवैध तरीके से नकल किया जाना एक गंभीर खतरा बनता जा रहा है, जिससे किसी बौद्धिक उत्पाद और उसके रचनाकर्ता की मौलिकता और प्रामाणिकता को आर्थिक क्षति पहुंच रही है।

भारतीय परिदृश्य में बौद्धिक संपदा अधिकार की बात करें तो 12 मई, 2016 को भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा अधिकार नीति को स्वीकृति प्रदान की गई थी। इस अधिकार नीति के जरिए भारत में बौद्धिक संपदा के संरक्षण और प्रोत्साहन में मदद मिल रही है।

### राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा अधिकार नीति के तहत ये लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं

- समाज के सभी वर्गों में बौद्धिक संपदा अधिकारों के आर्थिक-सामाजिक एवं सांस्कृतिक लाभों के प्रति जागरूकता पैदा करना।
- बौद्धिक संपदा अधिकारों के सृजन को बढ़ावा देना।
- मजबूत और प्रभावशाली बौद्धिक संपदा अधिकार नियमों को अपनाना ताकि अधिकृत व्यक्तियों तथा वृहद लोकहित के बीच संतुलन कायम हो सके।
- सेवा आधारित बौद्धिक संपदा अधिकार प्रशासन को आधुनिक और मजबूत बनाना।
- व्यवसायीकरण के जरिए बौद्धिक संपदा अधिकारों का मूल्य निर्धारण।
- बौद्धिक संपदा अधिकारों के उल्लंघनों का मुकाबला करने के लिए प्रवर्तन एवं न्यायिक प्रणालियों को मजबूत बनाना।
- मानव संसाधनों तथा संस्थानों की शिक्षण, प्रशिक्षण, अनुसंधान क्षमताओं को मजबूत बनाना और बौद्धिक संपदा अधिकारों में कौशल निर्माण करना।

### बौद्धिक संपदा नियमों में संशोधन

केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने पेटेंट उल्लंघन की शिकायतों के आधार पर आयातित उत्पादों को जब्त करने की सीमा शुल्क प्राधिकरणों में निहित शक्ति को समाप्त करने के लिए बौद्धिक संपदा नियमों में संशोधन किया है। यह संशोधन बौद्धिक संपदा अधिकार प्रवर्तन संशोधन अधिनियम 2018 है जो पेटेंट अधिनियम 1970 के सभी संदर्भों को हटा देता है।

### बौद्धिक संपदा से जुड़े प्रमुख अधिकार

- **कॉपीराइट** : कॉपीराइट अधिकार के अंतर्गत किताबें, चित्रकला, मूर्तिकला, सिनेमा, संगीत, कम्प्यूटर प्रोग्राम, डाटाबेस, विज्ञापन, मानचित्र और तकनीकी चित्रांकन को सम्मिलित किया जाता है। वर्ष 1957 में कॉपीराइट अधिनियम बनाकर, बौद्धिक संपदा अधिकारों की रक्षा के लिये इस कानून को देशभर में लागू किया गया है।
- **ट्रेडमार्क** : ट्रेडमार्क एक ऐसा चिन्ह होता है जिससे किसी एक उद्यम की वस्तुओं और सेवाओं को दूसरे उद्यम की वस्तुओं और सेवाओं से पृथक किया जा सके। ट्रेडमार्क शब्द या शब्दों के समूह, अक्षरों या संख्याओं के समूह के रूप में हो सकता है। यह चित्र, चिन्ह, ध्वनि या विशिष्ट प्रकार के रंग के रूप में भी हो सकता है। भारत में ट्रेडमार्क के लिये ट्रेडमार्क एक्ट, 1999 बनाया गया है।
- **पेटेंट** : जब कोई आविष्कार होता है तब आविष्कारकर्त्ता को उसके लिये दिया जाने वाला अनन्य अधिकार पेटेंट कहलाता है। एक बार पेटेंट अधिकार मिलने पर इसकी अवधि पेटेंट दर्ज की तिथि से 20 वर्षों के लिये होती है। ऐसे आविष्कार जो आक्रामक, अनैतिक या असामाजिक छवि को उकसाते हों तथा ऐसे आविष्कार जो मानव या जीव-जंतुओं में रोगों के लक्षण जानने के लिये प्रयुक्त होते हों उनको पेटेंट का दर्जा नहीं मिल सकता है। भारत में सर्वप्रथम वर्ष 1911 में भारतीय पेटेंट और डिजाइन अधिनियम बनाया गया था। स्वतंत्रता के बाद वर्ष 1970 में पुनः पेटेंट अधिनियम बना और इसे वर्ष 1972 से लागू किया गया। पेटेंट (संशोधन) अधिनियम, 2002 और पेटेंट (संशोधन) अधिनियम, 2005 द्वारा इस अधिनियम में संशोधन किये गए हैं।
- **भौगोलिक संकेतक** : भौगोलिक संकेतक से आशय उत्पादों पर प्रयुक्त चिन्ह से है। इन उत्पादों का विशिष्ट भौगोलिक मूल स्थान होता है और उस मूल स्थान से संबद्ध होने के कारण ही इनमें विशिष्ट गुणवत्ता पाई जाती है। दार्जिलिंग की चाय, बनारसी साड़ी, तिरुपति के लड्डू, कश्मीरी केसर आदि भौगोलिक संकेतक के कुछ उदाहरण हैं। भारत में वस्तुओं का भौगोलिक संकेतक अधिनियम, 1999 बनाया गया है। यह अधिनियम वर्ष 2003 से लागू हुआ। इस अधिनियम के आधार पर भौगोलिक संकेतक टैग यह सुनिश्चित करता है कि पंजीकृत उपयोगकर्ता के अतिरिक्त अन्य कोई भी उस प्रचलित उत्पाद के नाम का उपयोग नहीं कर सकता है।
- **औद्योगिक डिजाइन** : भारत में डिजाइन अधिनियम, 2000 के अनुसार 'डिजाइन' से अभिप्राय आकार, अनुक्रम, विन्यास, प्रारूप या अलंकरण, रेखाओं या वर्णों का संघटन से है, जिसे किसी ऐसी वस्तु पर प्रयुक्त किया जाए जो या तो द्विविमीय रूप में या त्रिविमीय रूप में अथवा दोनों में हो।

**रश्मि रंजन**
(लेखिका, समसामयिक मुद्दों पर लेखन करती हैं।)

भारत सरकार
परमाणु ऊर्जा विभाग

# परिवर्ती ऊर्जा साइक्लोट्रॉन केंद्र

## सेक्टर-1, ब्लॉक-एएफ, बिधान नगर, कोलकाता-700064

### विज्ञापन सं. वीईसीसी-01/2021

**आवेदन-पत्र प्राप्ति की अंतिम तिथि: 20.05.2021**

**''भारत सरकार का प्रयास ऐसे कार्यबल के प्रति है जिसमें लिंग संतुलन झलकता है और महिला अभ्यर्थियों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है''**

**वीईसीसी (परिवर्ती ऊर्जा साइक्लोट्रॉन केंद्र), कोलकाता** में निम्नलिखित पदों पर नियुक्ति के लिए पात्र उम्मीदवारों (केवल भारतीय नागरिकों) से ऑनलाइन आवेदन-पत्र आमंत्रित किए जाते हैं. विज्ञापित पदों में बकाया रिक्तियां भी शामिल हैं.

**I. विज्ञापित पद :**

| पद कोड | पद का नाम | पदों की संख्या | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अजा | अजजा | अपिव | ईब्ल्यूएस | पीडब्ल्यूडी (अपिव) | अना भूपूसै | अना | कुल |
| | **सीधी भर्ती** | | | | | | | | |
| डीआर/01 | महिला नर्स 'ए' | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 01 | **01** |
| डीआर/02 | सब-ऑफिसर 'बी' | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 01 | **01** |
| डीआर/03 | ड्राइवर (साधारण ग्रेड) | 00 | 00 | 01 | 01 | 00 | 01 | 00 | **03** |
| डीआर/04 | कार्य सहायक 'ए' | 00 | 01 | 01 | 01 | 00 | 00 | 02 | **05** |
| डीआर/05 | कैंटीन अटेंडेंट | 01 | 00 | 01 | 00 | 00 | 00 | 00 | **02** |
| | **कुल** | **01** | **01** | **03** | **02** | **00** | **01** | **04** | **12** |
| | **स्टाइपेंडरी ट्रेनी** | | | | | | | | |
| टीआर/01 | स्टाइपेंडरी ट्रेनी, श्रेणी-I (भौतिकी) | 01 | 00 | 01 | 01 | 00 | 00 | 01 | **04** |
| टीआर/02 | स्टाइपेंडरी ट्रेनी, श्रेणी-I (इलेक्ट्रॉनिक्स) | 01 | 00 | 02 | 00 | 01 | 00 | 01 | **05** |
| टीआर/03 | स्टाइपेंडरी ट्रेनी, श्रेणी-I (मैकेनिकल) | 00 | 00 | 01 | 00 | 00 | 00 | 00 | **01** |
| टीआर/04 | स्टाइपेंडरी ट्रेनी, श्रेणी-I (सिविल) | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 01 | **01** |
| | **कुल** | **02** | **00** | **04** | **01** | **01** | **00** | **03** | **11** |
| टीआर/05 | स्टाइपेंडरी ट्रेनी, श्रेणी-II (भौतिकी) | 00 | 00 | 01 | 01 | 00 | 00 | 01 | **03** |
| टीआर/06 | स्टाइपेंडरी ट्रेनी, श्रेणी-II (कम्प्यूटर) | 00 | 00 | 00 | 01 | 01 | 00 | 00 | **02** |
| टीआर/07 | स्टाइपेंडरी ट्रेनी, श्रेणी-II (इलेक्ट्रॉनिक्स) | 02 | 01 | 02 | 00 | 00 | 00 | 04 | **09** |
| टीआर/08 | स्टाइपेंडरी ट्रेनी, श्रेणी-II (इंस्ट्रूमेंटेशन) | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 01 | **01** |
| टीआर/09 | स्टाइपेंडरी ट्रेनी, श्रेणी-II (इलेक्ट्रिकल) | 01 | 01 | 02 | 00 | 00 | 00 | 02 | **06** |
| टीआर/10 | स्टाइपेंडरी ट्रेनी, श्रेणी-II (मशीनिस्ट) | 01 | 00 | 00 | 01 | 00 | 00 | 01 | **03** |
| टीआर/11 | स्टाइपेंडरी ट्रेनी, श्रेणी-II (फिटर) | 00 | 01 | 01 | 00 | 00 | 00 | 00 | **02** |
| टीआर/12 | स्टाइपेंडरी ट्रेनी, श्रेणी-II (रेफ्रिजरेशन/एअर कंडीशनिंग) | 01 | 00 | 01 | 00 | 00 | 00 | 01 | **03** |
| | **कुल** | **05** | **03** | **07** | **03** | **01** | **00** | **10** | **29** |

**II. शैक्षणिक/तकनीकी अर्हता और अनुभव :**

| पद कोड | पद का नाम | शैक्षणिक/तकनीकी अर्हता और अनुभव |
|---|---|---|
| डीआर/01 | महिला नर्स 'ए' | एचएससी/XII स्टैंडर्ड और नर्सिंग एवं मिडवाइफरी में डिप्लोमा (3 वर्षीय पाठ्यक्रम) + भारत में केंद्रीय/राज्य नर्सिंग परिषद से 'ए' ग्रेड नर्स के तौर पर वैध पंजीकरण. **अथवा** **बीएससी (नर्सिंग)** (नर्सिंग में बीएससी डिग्री धारण करने वाले उम्मीदवारों को भर्ती के समय दो अतिरिक्त वेतनवृद्धियां (आमेलन रहित) प्रदान करने के लिए विचार किया जा सकता है) |
| डीआर/02 | सब-ऑफिसर/बी | 50 प्रतिशत अंकों के साथ एचएससी (10+2) (कैमिस्ट्री के साथ साइंस) या समकक्ष नेशनल फायर सर्विस कॉलेज, नागपुर से सब-ऑफिसर्स कोर्स उत्तीर्ण किया हो और नीचे वर्णित **(i) अथवा (ii)** रखते हों: **(i)** 12 वर्ष (5 वर्ष लीडिंग फायरमैन के तौर पर) अनुभव जिसमें से कम से कम 2 वर्ष का संगत अनुभव अपेक्षित अर्हता प्राप्त करने के उपरांत अवश्य होना चाहिए. **अथवा** **(ii)** फायरमैन/ड्राइवर-सह-ऑपरेटर के तौर पर 15 वर्षों का संगत अनुभव जिसमें से कम से कम 2 वर्ष का संगत अनुभव अपेक्षित अर्हता प्राप्त करने के उपरांत अवश्य होना चाहिए. (वैध भारी वाहन ड्राइविंग लाइसेंस रखने वाले व्यक्तियों को वरीयता दी जाएगी) |
| डीआर/03 | ड्राइवर (ओजी) | **अनिवार्य:** **(i)** दसवीं स्टैंडर्ड उत्तीर्ण, **(ii)** हल्के और भारी वाहनों को चालने के लिए वैध ड्राइविंग लाइसेंस रखते हों, **(iii)** मोटर यंत्रीकरण का ज्ञान (उम्मीदवार वाहन में छोटे-मोटे दोष दूर करने में योग्य होना चाहिए), **(iv)** कम से कम 3 वर्ष का हल्के या भारी वाहन को चलाने का समेकित अनुभव. **वांछनीय:** दुपहिया चलाने के लिए वैध ड्राइविंग लाइसेंस रखते हों. |
| डीआर/04 | कार्य सहायक 'ए' | दसवीं स्टैंडर्ड उत्तीर्ण. |
| डीआर/05 | कैंटीन अटेंडेंट | मान्यताप्राप्त बोर्ड या संस्थान से मैट्रिकुलेशन या समकक्ष. |
| टीआर/01 | स्टाइपेंडरी ट्रेनी, श्रेणी-I (भौतिकी) | न्यूनतम 60 प्रतिशत अंकों के साथ बीएससी (भौतिक प्रधान विषय और गणित/कैमिस्ट्री/सांख्यिकी/इलेक्ट्रॉनिक्स/कम्प्यूटर विज्ञान सहायक विषयों के तौर पर) |
| टीआर/02 | स्टाइपेंडरी ट्रेनी, श्रेणी-I (इलेक्ट्रॉनिक्स) | इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में डिप्लोमा* |
| टीआर/03 | स्टाइपेंडरी ट्रेनी, श्रेणी-I (मैकेनिकल) | मैकेनिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा* |
| टीआर/04 | स्टाइपेंडरी ट्रेनी, श्रेणी-I (सिविल) | सिविल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा* |
| *डिप्लोमा की अवधि या तो एसएससी के उपरांत 3 वर्ष अथवा एचएससी के उपरांत 2 वर्ष होनी चाहिए साथ में डिप्लोमा में कुल मिलाकर न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक होने चाहिएं. | | |
| टीआर/05 | स्टाइपेंडरी ट्रेनी, श्रेणी-II (भौतिकी) | न्यूनतम 60 प्रतिशत अंकों के साथ एसएससी (दसवीं स्टैंडर्ड) साथ में संगत ट्रेड में कम से कम दो वर्ष की अवधि का ट्रेड प्रमाणपत्र. **अथवा** भौतिकी, कैमिस्ट्री और गणित विषयों के साथ न्यूनतम 60 प्रतिशत अंकों के साथ विज्ञान स्ट्रीम एचएससी (बारहवीं स्टैंडर्ड). |
| टीआर/06 | स्टाइपेंडरी ट्रेनी, श्रेणी-II (कम्प्यूटर) | |
| टीआर/07 | स्टाइपेंडरी ट्रेनी, श्रेणी-II (इलेक्ट्रॉनिक्स) | कुल मिलाकर न्यूनतम 60 प्रतिशत अंकों के साथ एसएससी (विज्ञान और गणित के साथ) जमा संगत ट्रेड में ट्रेड प्रमाणपत्र. |
| टीआर/08 | स्टाइपेंडरी ट्रेनी, श्रेणी-II (इंस्ट्रूमेंटेशन) | उम्मीदवारों को ट्रेड प्रमाणपत्रों के संबंध में निम्नलिखित में से कोई भी अपेक्षा को पूरा करना चाहिए: |
| टीआर/09 | स्टाइपेंडरी ट्रेनी, श्रेणी-II (इलेक्ट्रिकल) | दो वर्षीय अवधि का एनटीसी (आईटीआई पास आउट). **अथवा** प्रशिक्षुता प्रशिक्षण योजना के अधीन दो वर्षीय अवधि का एनएसी. **अथवा** एक वर्ष की अवधि का एनटीसी (आईटीआई पास आउट) साथ में पाठ्यक्रम पूरा करने के उपरांत एक वर्ष का संगत कार्यानुभव. **अथवा** एक वर्ष की अवधि का एनटीसी (आईटीआई पास आउट) जमा प्रशिक्षुता प्रशिक्षण योजना के अधीन न्यूनतम एक वर्ष की अवधि का एनएसी. |
| टीआर/10 | स्टाइपेंडरी ट्रेनी, श्रेणी-II (मशीनिस्ट) | |
| टीआर/11 | स्टाइपेंडरी ट्रेनी, श्रेणी-II (फिटर) | |
| टीआर/12 | स्टाइपेंडरी ट्रेनी, श्रेणी-II (रेफ्रिजरेशन/एअर कंडीशनिंग) | |

**III. 20.05.2021 को आयु सीमा, परिलब्धियां/वृत्तिका, सेवा का समूह:**

| पद कोड | पद का नाम | सेवा का समूह | वेतन मैट्रिक्स में लेवल | एंट्री वेतन (रु.) | न्यूनतम आयु | अधिकतम आयु | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | अजा | अजजा | अपिव | अना |
| | **सीधी भर्ती** | | | | | | | | |
| डीआर/01 | महिला नर्स/ए | बी | 7 | 44900 | 18 | ला.न. | ला.न. | ला.न. | 30 |
| डीआर/02 | सब-ऑफिसर/बी | बी | 6 | 35400 | 18 | ला.न. | ला.न. | ला.न. | 40 |
| डीआर/03 | ड्राइवर (ओजी) | सी | 2 | 19900 | 18 | ला.न. | ला.न. | 30 | 27 |
| डीआर/04 | कार्य सहायक 'ए' | सी | 1 | 18000 | 18 | ला.न. | 32 | 30 | 27 |
| डीआर/05 | कैंटीन अटेंडेंट | सी | 1 | 18000 | 18 | 32 | ला.न. | 30 | ला.न. |

- एंट्री वेतन के अलावा केंद्रीय सरकार के नियमों के अधीन भत्ते देय होंगे.
- सब-ऑफिसर/बी: लंबा अनुभव और उत्कृष्ट मैरिट तथा विभागीय उम्मीदवार होने से संबंधित उम्मीदवारों के मामले में ऊपरी आयु सीमा में अधिकतम 5 वर्ष की छूट दी जाएगी.

| | स्टाइपेंडरी ट्रेनी | वृत्तिका (रु.) | | न्यूनतम आयु | अजा | अजजा | अपिव | अना |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| टीआर/01 | स्टाइपेंडरी ट्रेनी, श्रेणी-I (भौतिकी) | पहला वर्ष | 16000/- | 18 | 29 | ला.न. | 27 | 24 |
| टीआर/02 | स्टाइपेंडरी ट्रेनी, श्रेणी-I (इलेक्ट्रॉनिक्स) | | | 18 | 29 | ला.न. | 27 | 24 |
| टीआर/03 | स्टाइपेंडरी ट्रेनी, श्रेणी-I (मैकेनिकल) | द्वितीय वर्ष | 18000/- | 18 | ला.न. | ला.न. | 27 | 24 |
| टीआर/04 | स्टाइपेंडरी ट्रेनी, श्रेणी-I (सिविल) | | | 18 | ला.न. | ला.न. | ला.न. | 24 |
| टीआर/05 | स्टाइपेंडरी ट्रेनी, श्रेणी-II (भौतिकी) | प्रथम वर्ष | 10500/- | 18 | ला.न. | ला.न. | 25 | 22 |
| टीआर/06 | स्टाइपेंडरी ट्रेनी, श्रेणी-II (कम्प्यूटर) | | | 18 | ला.न. | ला.न. | ला.न. | 22 |
| टीआर/07 | स्टाइपेंडरी ट्रेनी, श्रेणी-II (इलेक्ट्रॉनिक्स) | द्वितीय वर्ष | 12500/- | 18 | 27 | 27 | 25 | 22 |
| टीआर/08 | स्टाइपेंडरी ट्रेनी, श्रेणी-II (इंस्ट्रूमेंटेशन) | | | 18 | ला.न. | ला.न. | ला.न. | 22 |
| टीआर/09 | स्टाइपेंडरी ट्रेनी, श्रेणी-II (इलेक्ट्रिकल) | | | 18 | 27 | 27 | 25 | 22 |
| टीआर/10 | स्टाइपेंडरी ट्रेनी, श्रेणी-II (मशीनिस्ट) | | | 18 | 27 | ला.न. | ला.न. | 22 |
| टीआर/11 | स्टाइपेंडरी ट्रेनी, श्रेणी-II (फिटर) | | | 18 | ला.न. | 27 | 25 | 22 |
| टीआर/12 | स्टाइपेंडरी ट्रेनी, श्रेणी-II (रेफ्रिजरेशन/एअर कंडीशनिंग) | | | 18 | 27 | ला.न. | 25 | 22 |

**टिप्पणी:** केवल मैट्रिकुलेशन प्रमाणपत्र या समकक्ष प्रमाणपत्र/म्यूनिसिपल जन्म प्रमाणपत्र में इंगित जन्म तिथि को स्वीकार किया जाएगा. बाद में परिवर्तन के लिए अनुरोध की अनुमति नहीं होगी.

निःशक्त व्यक्तियों (पीडब्ल्यूडी) (दिव्यांगों) के लिए चिन्हित पदः

| पद कोड | पद का नाम | के लिए चिन्हित | |
|---|---|---|---|
| टीआर/02 | स्टाइपेंडरी ट्रेनी, श्रेणी-I (इलेक्ट्रॉनिक्स) | एचएच | एचएचः श्रव्य विकलांग अथवा निःशक्त (आंशिक बहरा-पीडी) |
| टीआर/06 | स्टाइपेंडरी ट्रेनी, श्रेणी-II (कम्प्यूटर) | एचएच/ओएच | एचएचःश्रव्य विकलांग अथवा निःशक्त (आंशिक बहरा-पीडी)<br>ओएचः अस्थि विकलांग (ओएल-एक टांग प्रभावित) |

**(टिप्पणी: ''श्रव्य विकलांग'' से आशय फ्रिक्वेन्सी की बातचीत की रेंज में बेहतर कान में 60 डेसिबल्स या अधिक की हानि है. निःशक्त व्यक्तियों के लिए शारीरिक विकृति 40 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए)**

**आयु सीमा निम्नानुसार शिथिलनीय है:**

| | |
|---|---|
| 1. | चिन्हित पदों के लिए निःशक्त व्यक्तियों पीडब्ल्यूडी-अपिव के लिए 13 वर्ष तक शिथिलनीय है. |
| 2. | भूतपूर्व सैनिकों के लिए आयु में छूट सरकारी आदेशानुसार होगी (सैन्य सेवा की अवधि जमा 3 वर्ष). (केवल सीधी भर्ती पद (पद कोड डीआर के साथ) के लिए लागू). |
| 3. | विभागीय उम्मीदवार जिन्होंने कम से कम 3 वर्ष की निरंतर और नियमित सेवा समान पंक्ति में अथवा संबद्ध संवर्ग में आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि को पूरी कर ली है वे भारत सरकार के आदेशों के अनुरूप ऊपरी आयु सीमा में छूट के लिए पात्र हैं. (केवल पद कोड डीआर के लिए लागू). |
| 4. | 1984 के दंगों में मारे गये व्यक्तियों के बच्चों/पारिवारिक सदस्यों को ऊपरी आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट देय होगी. |
| 5. | ऊपरी आयु सीमा में उन व्यक्तियों के लिए, सरकारी आदेशानुसार 5 वर्ष की छूट देय होगी जो कि 1 जनवरी 1980 से 31 दिसंबर, 1989 तक की अवधि के दौरान जम्मू एवं कश्मीर राज्य की कश्मीर डिविजन में अधिवासी रहे हैं. यद्यपि ऊपरी आयु सीमा में छूट जम्मू एवं कश्मीर तथा लद्दाख संघ शासित प्रदेश के संबंध में भारत सरकार के आदेशों के अनुरूप लागू होगी. |
| 6. | विधवाओं, तलाकशुदा महिलाओं और अपने पतियों से न्यायिक रूप से अलग हुई महिलाएं तथा जिन्होंने पुनः विवाह नहीं किया है भारत सरकार के आदेशों के अनुरूप आयु में छूट प्राप्त करने की पात्र हैं (केवल डीआर पदों के लिए लागू). |
| 7. | उत्कृष्ट खिलाड़ी व्यक्ति भारत सरकार के आदेशानुसार ऊपरी आयु सीमा में छूट के लिए पात्र हैं. |

## IV चयन पद्धतिः

| पद कोड | चयन पद्धति |
|---|---|
| डीआर/01 | चयन प्रक्रिया में 3 चरणों में परीक्षाएं शामिल होंगी-**चरण-1, चरण-2 और चरण-3**<br>**चरण 1- प्रारंभिक परीक्षाः** उम्मीदवारों को लघुसूचीबद्ध करने के लिए स्क्रीनिंग परीक्षा आयोजित की जानी है. स्क्रीनिंग परीक्षाओं का स्वरूप सभी ट्रेडों/विषयक्षेत्रों के लिए कॉमन होगा और निम्नलिखित स्वरूप में होगाः-<br>1. परीक्षा निम्नलिखित अनुपात में एक घण्टा अवधि के 50 बहु विकल्प प्रश्न (4 उत्तरों के विकल्प) शामिल किए जाएंगेः<br>क. गणित - 20 प्रश्न<br>ख. विज्ञान - 20 प्रश्न<br>ग. सामान्य जागरूकता - 10 प्रश्न<br>2. प्रत्येक सही उत्तर के लिए 3 अंक प्रदान किए जाएंगे और प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 1 अंक काटा जाएगा.<br>सामान्य श्रेणी में 40 प्रतिशत से कम अर्जित करने वाले उम्मीदवारों को स्क्रीन आउट कर दिया जाएगा. आरक्षित श्रेणियों के लिए निचली कट ऑफ 30 प्रतिशत से नीचे निर्धारित नहीं की जाएगी. |
| | **चरण 2- उन्नत परीक्षाः** चरण 1 में स्क्रीन किए गए सभी उम्मीदवारों को उनकी संबंधित ट्रेड/विषयक्षेत्र में चरण 2 (उन्नत परीक्षा) में शामिल होने की अनुमति दी जाएगी.<br>1. **परीक्षा में दो घण्टा** अवधि के 50 बहु विकल्प प्रश्न (4 उत्तरों के विकल्प) शामिल होंगे.<br>2. प्रत्येक सही उत्तर के लिए 3 अंक प्रदान किए जाएंगे और प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 1 अंक काटा जाएगा.<br>3. उम्मीदवारों की मैरिट सूची केवल चरण 2 में प्राप्त स्कोर्स के अनुरूप चरण-2 के आधार पर तैयार की जाएगी.<br>सामान्य श्रेणी में 30 प्रतिशत से कम अर्जित करने वाले उम्मीदवारों को स्क्रीन आउट कर दिया जाएगा. आरक्षित श्रेणियों के लिए निचली कट ऑफ 20 प्रतिशत से नीचे निर्धारित नहीं की जाएगी. |
| | **चरण 3-कौशल परीक्षाः**<br>1. चरण-2 के उपरांत तैयार की गई मैरिट सूची के अनुरूप, उम्मीदवारों को चरण-3 (कौशल परीक्षा) के लिए लघुसूचीबद्ध किया जाएगा.<br>2. कौशल परीक्षा के लिए अल्पसूचीबद्ध उम्मीदवारों की संख्या चरण-2 में अर्हता प्रप्त उम्मीदवारों की संख्या पर निर्भर करेगी परंतु प्रत्येक ट्रेड में रिक्तियों की संख्या का 4-5 गुणा से अधिक नहीं होगी.<br>3. कौशल परीक्षा गो/नो-गो आधार पर होगी.<br>कौशल परीक्षा में सफल होने वाले उम्मीदवारों को अल्पसूचीबद्ध किया जाएगा और चरण-2 में प्राप्त अंकों के आधार पर मैरिट क्रम में पैनलबद्ध किया जाएगा. |
| डीआर/02 | चयन प्रक्रिया में 3 चरणों में परीक्षाएं शामिल होंगी-**चरण-1, चरण-2 और चरण-3**<br>**चरण-1 :** अपेक्षाएं पूरी करने वाले आवेदकों को नीचे सारणी-1 के अनुरूप शारीरिक मानदंडों के मूल्यांकन के लिए बुलाया जाएगा. जो शारीरिक मानदंडों को पूरा करते हैं उन्हें नीचे सारणी-2 में निर्धारित मानदंड के अनुरूप शारीरिक मूल्यांकन परीक्षा से गुजरना अपेक्षित होगा.<br>**चरण-2 : प्रारंभिक परीक्षाः** चरण-1 में सफल होने वाले अल्पसूचीबद्ध उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा के लिए उपस्थित होने की अनुमति होगी. एक घण्टा अवधि के 50 बहु विकल्प प्रश्न (चार उत्तरों के विकल्प) (गणित-20 प्रश्न, विज्ञान-20 प्रश्न, सामान्य जागरूकता-10 प्रश्न).<br>**अंक योजनाः** प्रत्येक सही उत्तर के लिए 3 अंक प्रदान किए जाएंगे और प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 1 अंक काटा जाएगा.<br>**टिप्पणीः** सामान्य श्रेणी में 40 प्रतिशत से कम अर्जित करने वाले उम्मीदवारों को स्क्रीन आउट कर दिया जाएगा. आरक्षित श्रेणियों के लिए निचली कट ऑफ 30 प्रतिशत से नीचे निर्धारित नहीं की जाएगी. |
| | **चरण-3: उन्नत परीक्षाः**<br>1. चरण-2 (प्रारंभिक परीक्षा) उत्तीर्ण करने वाले अल्पसूचीबद्ध उम्मीदवार उन्नत परीक्षा के लिए पात्र होंगे जिसमें संबंधित ट्रेडों में 50 बहु विकल्प प्रश्न होंगे. **परीक्षा की अवधि 2 घण्टा होगी.**<br>2. 50 बहु विकल्प प्रश्न (चार उत्तरों के विकल्प के साथ), प्रत्येक सही उत्तर के लिए 3 अंक प्रदान किए जाएंगे और प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 1 अंक काटा जाएगा. |

| पद कोड | चयन पद्धति |
|---|---|
| | सामान्य श्रेणी में 30 प्रतिशत से कम अर्जित करने वाले उम्मीदवारों को स्क्रीन आउट कर दिया जाएगा. आरक्षित श्रेणियों के लिए निचली कट ऑफ20 प्रतिशत से नीचे निर्धारित नहीं की जाएगी. अंतिम मैरिट सूची चरण-3 में अर्जित अंकों के आधार पर तैयार की जाएगी. |
| डीआर/03 | **चयन प्रक्रिया में निम्नलिखित शामिल होगा:**<br>**लेवल 1 परीक्षाः** लिखित परीक्षा (वस्तुनिष्ठ)-सामान्य जागरूकता, सामान्य बुद्धिमत्ता, प्रारंभिक गणित और सामान्य अंग्रेजी तथा हिंदी. ड्राइविंग तकनीक और मोटर कार यंत्रीकरण जिसका उद्देश्य ड्राइविंग कौशलों और प्रक्रियाओं की जांच करना है, ड्राइवरों की ड्यूटियां, ईंधन दक्षता और ईंधन किफायत, वाहनों का बुनियादी रखरखाव, सर्विसिंग, इमरजेंसी हैंडलिंग तकनीक, वाहनों के लिए अपेक्षित औजार और दस्तावेज, वाहनों के प्रकार, यातायात नियम और विनियम, यातायात सिग्नल्स, यातायात संकेतों, हाथों के इशारे और रोड चिन्हों को पहचानने की योग्यता, वाहन प्रणालियों की असेम्बलीज के बारे में सामान्य प्रश्न आदि.<br>जहां कहीं बड़ी संख्या में उम्मीदवार लेवल-1 परीक्षा में न्यूनतम अर्हक अंक प्राप्त कर लेते हैं, लेवल-2 परीक्षा के लिए उम्मीदवारों को अल्पसूचीबद्ध किया जाएगा. 20 रिक्तियों तक के लिए लेवल-1 परीक्षा के आधार पर उम्मीदवारों का अल्पसूचीकरण 1:20 के अनुपात में उम्मीदवारों को अल्पसूची-बद्ध किया जाएगा अर्थात प्रत्येक एकल रिक्ति के लिए 20 उम्मीदवारों को लेवल-2 परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा.<br>**लेवल 2 परीक्षाः** ड्राइविंग परीक्षा-इसका उद्देश्य ड्राइविंग कौशल मोटर ड्राइविंग, मोटर यंत्रीकरण तथा यातायात नियमों और विनियमों के ज्ञान की जांच करना है. पैनलबद्धता के लिए मानदंड लेवल 1 और लेवल 2 में प्रदर्शन के आधार पर किया जाएगा. लेवल 1 और 2 के लिए अधिमान निम्नानुसार दिया जाएगाः<br>लेवल-1 वस्तुनिष्ठ लिखित परीक्षाः 40%<br>लेवल-2 ड्राइविंग परीक्षाः 60%<br>सामान्य उम्मीदवारों के लिए न्यूनतम अर्हक अंक 50 प्रतिशत और आरक्षित उम्मीदवारों के लिए 40 प्रतिशत है. |
| डीआर/04 | चयन केवल लिखित परीक्षा के आधार पर किया जाएगा. लिखित परीक्षा में सामान्य ज्ञान, सामान्य अंग्रेजी, अंकगणित शामिल होगा. लिखित परीक्षा में समान अंकों के मामले में, मैरिट सूची में स्थान का निर्णय करने के लिए क्रम में निम्नलिखित मानदंड अपनाया जाएगाः<br>• 10वीं स्टैंडर्ड में कुल मिलाकर उच्चतर अंक प्रतिशतता वाले उम्मीदवार को मैरिट सूची में ऊपर रखा जाएगा.<br>• बड़े उम्मीदवार (आयु में) उम्मीदवार को मैरिट सूची में ऊपर रखा जाएगा. |
| डीआर/05 | चयन केवल लिखित परीक्षा के आधार पर किया जाएगा. लिखित परीक्षा में सामान्य ज्ञान, सामान्य अंग्रेजी, अंकगणित शामिल होगा. लिखित परीक्षा में समान अंकों के मामले में, मैरिट सूची में स्थान का निर्णय करने के लिए क्रम में निम्नलिखित मानदंड अपनाया जाएगाः<br>• 10वीं स्टैंडर्ड में कुल मिलाकर उच्चतर अंक प्रतिशतता वाले उम्मीदवार को मैरिट सूची में ऊपर रखा जाएगा.<br>• बड़े उम्मीदवार (आयु में) उम्मीदवार को मैरिट सूची में ऊपर रखा जाएगा. |
| टीआर/01 से टीआर/04 तक | 1. एक घण्टा अवधि की लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी और इसमें 40 बहु विकल्प प्रश्न (4 उत्तरों के विकल्प) शामिल होंगे. प्रत्येक सही उत्तर के लिए 3 अंक प्रदान किए जाएंगे और प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 1 अंक काटा जाएगा. उक्त परीक्षा के लिए पाठ्यक्रम डिप्लोमा/बी.एससी स्तर के विषयों, जो भी मामला होगा, पर आधारित होगा.<br>2. लिखित परीक्षा में अर्हक उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए अल्पसूचीबद्ध किया जाएगा.<br>3. अंतिम चयन और रैंकिंग साक्षात्कार में उम्मीदवार के प्रदर्शन के आधार पर होगी और लिखित परीक्षा में अर्जित अंकों के लिए कोई अधिमान नहीं दिया जाएगा. इस संबंध में अनुसंधान केंद्र का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा. |
| टीआर/05 से टीआर/12 तक | चयन प्रक्रिया में 3 चरण-**चरण 1, चरण 2 और चरण 3 शामिल होंगे.**<br>**चरण 1 - प्रारंभिक परीक्षाः** उम्मीदवारों को अल्पसूचीबद्ध करने के लिए स्क्रीनिंग परीक्षा आयोजित की जाएगी. स्क्रीनिंग परीक्षा का स्वरूप सभी ट्रेडों के लिए सामान्य होगा और इसका निम्नलिखित स्वरूप होगाः<br>1. परीक्षा में निम्नलिखित अनुपात में एक घण्टा अवधि के 50 बहु विकल्प प्रश्न (4 उत्तरों के विकल्प) शामिल किए जाएंगेः<br>(क) गणित - 20 प्रश्न<br>(ख) विज्ञान - 20 प्रश्न<br>(ग) सामान्य जागरूकता - 10 प्रश्न<br>2. प्रत्येक सही उत्तर के लिए '3' अंक प्रदान किए जाएंगे और प्रत्येक गलत उत्तर के लिए '1' अंक काटा जाएगा.<br>सामान्य श्रेणी में 40 प्रतिशत से कम अर्जित करने वाले उम्मीदवारों को स्क्रीन आउट कर दिया जाएगा. आरक्षित श्रेणियों के लिए निचली कट ऑफ30 प्रतिशत से नीचे निर्धारित नहीं की जाएगी. |
| | **चरण 2 - उन्नत परीक्षाः** चरण 1 में स्क्रीन किए गए सभी उम्मीदवारों को उनके संबंधित ट्रेड में चरण 2 (उन्नत परीक्षा) में उपस्थित होने की अनुमति दी जाएगी.<br>1. परीक्षा में दो घण्टा अवधि के 50 बहु विकल्प प्रश्न (4 उत्तरों का विकल्प) प्रकार के प्रश्न सम्मिलित होंगे.<br>2. प्रत्येक सही उत्तर के लिए '3' अंक प्रदान किए जाएंगे और प्रत्येक गलत उत्तर के लिए '1' अंक काटा जाएगा.<br>3. उम्मीदवारों की मैरिट सूची केवल चरण-2 में प्राप्त स्कोर्स के अनुरूप चरण-2 के उपरांत तैयार की जाएगी.<br>सामान्य श्रेणी में 30 प्रतिशत से कम अर्जित करने वाले उम्मीदवारों को स्क्रीन आउट कर दिया जाएगा. आरक्षित श्रेणियों के लिए निचली कट ऑफ20 प्रतिशत से नीचे निर्धारित नहीं की जाएगी. |
| | **चरण 3-कौशल परीक्षा :**<br>1. चरण-2 के उपरांत तैयार मैरिट सूची के आधार पर, उम्मीदवारों को चरण 3 (कौशल परीक्षा) के लिए अल्पसूचीबद्ध किया जाएगा.<br>2. कौशल परीक्षा के लिए अल्पसूचीबद्ध उम्मीदवारों की संख्या चरण 2 में अर्हक उम्मीदवारों की संख्या पर निर्भर करेगी परंतु यह प्रत्येक ट्रेड में रिक्तियों की संख्या के 4-5 गुणा से अधिक नहीं होगी.<br>3. कौशल परीक्षा गो/नो-गो आधार पर होगी.<br>4. कौशल परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले उम्मीदवारों को चरण 2 में प्राप्त अंकों के आधार पर मैरिट क्रम में अल्पसूचीबद्ध और पैनलबद्ध किया जाएगा. |

**सारणी-1- फायर सर्विस पदों के लिए शारीरिक मानदंड (डीआर/02)**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कोई विकृति न हो. | |
| 2 | ऊंचाई | 165 सें.मी. (न्यूनतम). |
| 3 | भार | 50 कि.ग्रा. (न्यूनतम). |
| 4 | सीना | 81 सें.मी. (सामान्य) और न्यूनतम 86 सें.मी.(विस्तार करने पर). |
| 5 | दृष्टि | (क) 6/6, चश्मा अथवा कोई अन्य उपकरण पहने बगैर |
| | | (ख) रत्तौन्धी/रंगांधता को अयोग्यता माना जाएगा. |

**सारणी-2-शारीरिक मूल्यांकन परीक्षा (डीआर/02)**
**शारीरिक मूल्यांकन परीक्षा का विवरण : सब ऑफिसर/बी के पद के लिए**

| क्रम सं. | परीक्षा का विवरण | उम्मीदवार की आयु के अनुरूप | | |
|---|---|---|---|---|
| | | 40 वर्ष तक | 40-45 वर्ष के बीच | 45-50 वर्ष के बीच |
| 1. | 100 मीटर दौड़ने में सक्षम होने चाहिए. | 25 सेकेंड में | 28 सेकेंड में | 30 सेकेंड में |
| 2. | उपकरण से प्रत्येक 15 मीटर की 4 होज की लंबाई बिछाने में योग्य होने चाहिए. | 3 मिनट.<br>3 मिनट तक-10 अंक<br>3-4 मिनट के बीच-8 अंक<br>4-5 मिनट के बीच-6 अंक<br>5 मिनट से अधिक-कोई अंक नहीं. | 4 मिनट.<br>4 मिनट तक-10 अंक<br>4-5 मिनट के बीच-8 अंक<br>5-6 मिनट के बीच-6 अंक<br>6 मिनट से अधिक-कोई अंक नही. | 5 मिनट.<br>5 मिनट तक-10 अंक<br>5-6 मिनट के बीच-8 अंक<br>6-7 मिनट के बीच-6 अंक<br>7 मिनट से अधिक-कोई अंक नही. |
| 3. | 10 मीटर लंबी विस्तार सीढ़ी पर दो बार चढ़ने और उतरने में योग्य होने चाहिए. | 2 मिनट.<br>2 मिनट तक-10 अंक<br>2-3 मिनट के बीच-8 अंक<br>3-4 मिनट के बीच-6 अंक<br>4 मिनट से अधिक-कोई अंक नहीं. | 3 मिनट.<br>3 मिनट तक-10 अंक<br>3-4 मिनट के बीच-8 अंक<br>4-5 मिनट के बीच-6 अंक<br>5 मिनट से अधिक-कोई अंक नही. | 4 मिनट.<br>4 मिनट तक-10 अंक<br>4-5 मिनट के बीच-8 अंक<br>5-6 मिनट के बीच-6 अंक<br>6 मिनट से अधिक-कोई अंक नही. |
| 4. | 25 मीटर से अधिक फायरमैन लिफ्ट पद्धति से लगभग अपने ही भार के व्यक्ति को उठाकर ले जाना. | 3 मिनट.<br>3 मिनट तक-10 अंक<br>3-4 मिनट के बीच-8 अंक<br>4-5 मिनट के बीच-6 अंक<br>5 मिनट से अधिक-कोई अंक नहीं. | 4 मिनट.<br>4 मिनट तक-10 अंक<br>4-5 मिनट के बीच-8 अंक<br>5-6 मिनट के बीच-6 अंक<br>6 मिनट से अधिक-कोई अंक नही. | 5 मिनट.<br>5 मिनट तक-10 अंक<br>5-6 मिनट के बीच-8 अंक<br>6-7 मिनट के बीच-6 अंक<br>7 मिनट से अधिक-कोई अंक नही. |
| 5. | "पुश अप" करने में योग्य होना चाहिए. | 20 लगातार - 10 अंक (समानुपातिक कम संख्या में) | 15 लगातार - 10 अंक (समानुपातिक कम संख्या में) | 12 लगातार - 10 अंक (समानुपातिक कम संख्या में) |
| 6. | 1.6 कि.मी. दौड़ लगाने में योग्य होना चाहिए. | 10 मिनट.<br>10 मिनट तक-10 अंक<br>10-11 मिनट के बीच-8 अंक<br>11-12 मिनट के बीच-6 अंक<br>12 मिनट से अधिक-कोई अंक नहीं. | 12 मिनट.<br>12 मिनट तक-10 अंक<br>12-13 मिनट के बीच-8 अंक<br>13-14 मिनट के बीच-6 अंक<br>14 मिनट से अधिक-कोई अंक नही. | 14 मिनट.<br>14 मिनट तक-10 अंक<br>14-15 मिनट के बीच-8 अंक<br>15-16 मिनट के बीच-6 अंक<br>16 मिनट से अधिक-कोई अंक नहीं. |
| 7. | रस्सी/सीधी पाइप पर चढ़ना | 3 मीटर-10 अंक<br>2.5-3 मीटर के बीच-8 अंक<br>2-2.5 मीटर के बीच-6 अंक<br>2 मीटर से कम-कोई अंक नहीं. | ला.न. | ला.न. |

**टिप्पणी :**

| | |
|---|---|
| 1. | **उपर्युक्त के अलावा, सब ऑफिसर/बी के उम्मीदवार शारीरिक प्रशिक्षण, स्क्वैड ड्रिल्स, फायर फाइटिंग ड्रिल्स, फायर-फाइटिंग/ट्रेलर पंप ऑपरेशन्स के संचालन में योग्य होने चाहिए.** |
| 2. | **उपर्युक्त सारणी 2 के क्रम सं. 1 में वर्णित परीक्षा में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है, अन्यथा उम्मीदवार को भर्ती के लिए अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा और आगे परीक्षाएं संचालित नहीं की जाएंगी.** |
| 3. | **क्रम सं 2 से क्रम सं 7 तक परीक्षाओं के लिए (समान अधिमान लेते हुए) एक साथ मिलाकर औसतन 90 प्रतिशत और अधिक अर्हक अंक प्रतिशतता अपेक्षित है.** |

**V. पद कोड टीआर/01 से टीआर/12 तक (स्टाइपेंडरी ट्रेनीज श्रेणी- I और II) के लिए अन्य शर्तें**

| | |
|---|---|
| 1. | **शारीरिक मानदंड :** न्यूनतम ऊंचाईः 160 सें.मी. न्यूनतम भारः 45.5 कि.ग्रा. (शिथिलनीय यदि उम्मीदवार अन्य प्रकार से चिकित्सा की दृष्टि से फिट है) |
| 2. | **प्रशिक्षण अवधि की कुल समयावधिः** दो वर्ष. |
| 3. | **प्रशिक्षण का दायराः** चयनित उम्मीदवारों को प्रत्येक विषयक्षेत्र/ट्रेड के निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुरूप और वीईसीसी की विशिष्ट अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए संगत विषयक्षेत्रों/ट्रेडों के विभिन्न पहलुओं में कोलकाता में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा. उम्मीदवारों के पास किसी खास प्रशिक्षण कार्यक्रम/प्रशिक्षण स्थान चुनने के लिए कोई विकल्प नहीं होगा. |
| 4. | **प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने के उपरांत ग्रेडः** प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने पर प्रशिक्षुओं को नियुक्ति के समय निम्नलिखित ग्रेड में आमेलन पर विचार किया जाएगा जो कि प्रशिक्षण की अवधि के दौरान और प्रशिक्षण के अंत में आयोजित किए जाने वाले साक्षात्कार में उनके प्रदर्शन पर निर्भर करेगा. |

| 5. | स्टाइपेंडरी ट्रेनीज | पद | वेतन मैट्रिक्स में लेवल | एंट्री वेतन (रु.) |
|---|---|---|---|---|
| | श्रेणी-I | वैज्ञानिक सहायक/सी | लेवल-7 | 44900 |
| | श्रेणी-II | तकनीशियन/बी | लेवल-3 | 21700 |
| | | तकनीशियन/सी | लेवल-4 | 25500 |

एंट्री वेतन के अलावा, केंद्रीय सरकार के नियमों के अधीन भत्ते देय होंगे.
**बॉण्डः** चयनित उम्मीदवारों को प्रशिक्षण पूरा करने और वीईसीसी अथवा परमाणु ऊर्जा विभाग की किसी संबद्ध इकाई में, यदि प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने के उपरांत नियुक्ति का प्रस्ताव किया जाता है, आमेलन के उपरांत 3 वर्ष की अवधि के लिए सेवा करने के लिए बॉण्ड निष्पादित करना होगा. कोई प्रशिक्षु प्रशिक्षण पूरा करने अथवा आमेलन के उपरांत 3 वर्ष के लिए सरकार की सेवा करने में असफल रहता है तो उसे प्रशिक्षण की अवधि के दौरान प्राप्त वृत्ति की राशि तथा पुस्तक भत्ता के बराबर राशि और उस पर ब्याज का सरकार को भुगतान करना होगा.

**VI आवेदन कैसे करें:**

| | |
|---|---|
| 1. | आवेदन-पत्र केवल ऑनलाइन स्वीकार किए जाएंगे. |
| 2. | **ऑनलाइन आवेदन की सुविधा 20.04.2021 से 20.05.2021 तक खुली रहेगी.** |
| 3. | आवेदन-पत्र ऑनलाइन प्रस्तुत करने के लिए कृपया वेबसाइट **<recruit.vecc.gov.in>** पर पधारें. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि "How to apply" विकल्प पर क्लिक करते हुए हमारी वेबसाइट के होम पेज पर दिए गए अनुदेशों को पढ़ लें. |
| 4. | एक पद के लिए केवल एक आवेदन-पत्र स्वीकार्य है. यदि उम्मीदवार एक से अधिक पद के लिए आवेदन करना चाहता है, प्रत्येक पद के लिए अलग आवेदन-पत्र और फीस प्रस्तुत की जानी चाहिए. |
| 5. | **उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि बंद होने की तिथि (20.05.2021) के लिए इंतज़ार किए बिना अग्रिम तौर पर ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करें.** |
| | **आवेदन शुल्क:** |
| 1. | आवेदन शुल्क के भुगतान की पद्धति ऑनलाइन है. |
| 2. | अजा/अजजा, पीडब्ल्यूडी और महिला श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों के लिए फीस की छूट है. |
| 3. | भूतपूर्व सैनिकों को समूह ग पदों के लिए आवेदन शुल्क के भुगतान से छूट है. |
| 4. | डीआर/02, टीआर/01 से टीआर/04 तक के पदों के लिए रु. 150/- |
| 5. | डीआर/03 से डीआर/05 तक, टीआर/05 से टीआर/12 तक के पदों के लिए रु. 100/. |
| 6. | आवेदक के लिए आवेदन प्रपत्र में अपेक्षित सूचना भरना और इसे प्रस्तुत करना अपेक्षित है. सफल प्रस्तुति होने पर आवेदक को यदि अन्य प्रकार से फीस के भुगतान से छूट प्राप्त नहीं है, ऊपर किए गए उल्लेख के अनुसार आवेदन शुल्क जमा करने के लिए ऑनलाइन भुगतान साइट का एक लिंक प्राप्त होगा. आवेदक को ऑनलाइन आवेदन की प्राप्ति की अंतिम तिथि को अथवा इससे पूर्व वीईसीसी भर्ती पोर्टल पर खाते में लॉगिन करते हुए भुगतान की स्थिति को भी अद्यतन करना चाहिए. यदि देय तिथि के भीतर भुगतान की स्थिति को अद्यतन नहीं किया जाता है तो आवेदन-पत्र को अस्वीकार किया जा सकता है. |
| 7. | आवेदन-पत्र को भरने और फीस के भुगतान के लिए विस्तृत दिशानिर्देश **https://recruitment.vecc.gov.in** के होम पेज पर "How To Apply" के अधीन मैन्यु में उपलब्ध हैं. |
| 8. | फीस का एक बार भुगतान कर दिए जाने पर किसी भी स्थिति में इसे वापस नहीं किया जाएगा और न ही किसी अन्य भर्ती के लिए आरक्षित रखा जा सकता है. |
| 9. | आवेदन शुल्क का भुगतान ऑनलाइन आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि को अथवा इससे पहले किया जाना चाहिए. |
| 10. | वीईसीसी लेनदेन की विफलता की कोई जिम्मेदारी नहीं लेता है और किसी भी पत्राचार/रिफंड, जो भी हो, पर विचार नहीं किया जाएगा. |

**VII सामान्य शर्तें :**

| | |
|---|---|
| 1. | यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि दूरस्थ शिक्षा पद्धति के जरिए बी.एससी. जैसे कार्यक्रम संचालित करने वाले विश्वविद्यालय/संस्थान डिस्टेंस एजुकेशन ब्यूरो (डीईबी-यूजीसी) से मान्यताप्राप्त हैं और तकनीकी कार्यक्रमों के मामले में, ये कार्यक्रम और संस्थान जहां से अर्हता प्राप्त की गई है देश में अभातशिप, एनसीटीई, मा.सं.वि. मंत्रालय आदि जैसी सर्वोच्च संस्थाओं से मान्यताप्राप्त हैं. |
| 2. | रिक्तियां अनंतिम और परिवर्तन के विषयाधीन हैं. विज्ञापन में इंगित रिक्तियों का भरा जाना सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के विषयाधीन भी है तथा समय-समय पर सरकार द्वारा जारी आदेशों के अनुरूप यदि अन्य तरह से निर्णय लिया जाता है इन्हें नहीं भी भरा जा सकता है. |
| 3. | प्रतीक्षा सूची के अधीन पैनलबद्ध उम्मीदवारों को नियुक्ति का प्रस्ताव केवल तभी किया जाएगा जब मुख्य सूची में शामिल उम्मीदवार कार्यभार ग्रहण नहीं करते हैं. |
| 4. | उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा/ट्रेड परीक्षा/साक्षात्कार (यदि लागू है) में उत्तर हिंदी अथवा अंग्रेजी में देने का विकल्प होगा. |
| 5. | विज्ञापन में यथा निर्धारित अनुभव की अवधि सहित सभी पात्रता मानदंडों का निर्धारण आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि (20.05.2021) के संदर्भ में किया जाएगा. |
| 6. | लिखित परीक्षा के लिए बुलाए गए बाहरी अजा/अजजा उम्मीदवारों को नियमों के अनुरूप सबसे छोटे मार्ग से द्वितीय श्रेणी रेलवे किराए का आने-जाने के भत्ते का भुगतान किया जाएगा. यद्यपि, उन अजा/अजजा उम्मीदवारों को यात्रा भत्ता देय नहीं है जो पहले ही केंद्रीय/राज्य सरकार की सेवाओं, केंद्रीय/राज्य सरकार के निगम, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, स्थानीय सरकारी निकायों और पंचायतों में हैं तथा लिखित परीक्षा/शारीरिक मूल्यांकन परीक्षा के लिए यात्रा करने के लिए छूट का लाभ, यदि कोई है, ले चुके हैं.<br>टीए फार्म **<https://recruitment.vecc.gov.in>/Job Application/ Download Forms/TA claim form** से डाउनलोड करें.<br>● यात्रा भत्ते की प्रतिपूर्ति अजा/अजजा जाति प्रमाणपत्र और टिकटें/ई-टिकट प्रस्तुत करने के विषयाधीन की जाएगी. |
| 7. | उम्मीदवार सुनिश्चित कर लें कि उसने सही सूचना भरी है. जो उम्मीदवार झूठी सूचना प्रेषित करता है वह लिखित परीक्षा/कौशल परीक्षा/साक्षात्कार के अयोग्य हो जाएगा. वीईसीसी के पास आगे किसी भी चरण में किसी भी आवेदक की उम्मीदवारी नामंजूर करने का अधिकार सुरक्षित है. |

(शेष पृष्ठ 11 पर)

कोरोना से निपटने में

# खर्च हो सकेगी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना की राशि

**भोपाल,** कोरोना वायरस संक्रमण से निपटने के लिये विधायकों की सिफारिश पर निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना की राशि का उपयोग कोरोना वायरस से निपटने के लिये जरूरी चिकित्सकीय उपकरणों की खरीदी एवं अन्य चिकित्सकीय व्यवस्थाएं करने में किया जा सकेगा।

योजना आर्थिक सांख्यिकी विभाग ने इस संबंध में सभी कलेक्टरों को दिशा-निर्देश जारी कर दिये हैं। निर्देशों के अनुसार डॉक्टरों और मेडिकल अमले की सहूलियत के लिये जिला कलेक्टर अब इन्फ्रारेड थर्मोमीटर, कोविड नियंत्रण में जुटे मेडिकल अमले के लिये पीपीई किट, कोरोना टेस्टिंग किट, आईसीयू वेंटीलेटर, आइसोलेशन या क्वारेंटाइन वार्ड स्थापित करने, पैरा मेडिकल अमले के लिए मास्क, दस्ताने और सेनिटाइजर और भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा सुझाये गये अन्य मेडिकल उपकरण या मशीन उपलब्ध कराने में खर्च कर सकेंगे। जिस विधानसभा क्षेत्र में ऐसी व्यवस्थाएं करना जरूरी होगा वहां के संबंधित विधायकों की अनुसंशा इसके लिये जरूरी होगी। यह व्यवस्था सिर्फ वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिये की गई है। व्यय की अनुमति एक बार के लिये होगी। किसी भी परिस्थिति में कोई भी व्यय वर्ष 2022-23 के अंतर्गत नहीं किया जायेगा।

राज्य शासन ने इस प्रकार की व्यवस्थाएं करने के लिये उपयोग में आने वाली राशि की शर्तें एवं मापदंड लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण की अनुमति मदों के अनुसार होंगी। शर्तों के अनुसार स्वीकृत राशि और इसके खर्च करने एवं सामग्री खरीदने के बाद अभिलेख संधारण की जिम्मेदारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी की होगी।

उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार कोविड संक्रमण से निपटने के लिये सभी उपलब्ध वित्तीय एवं अधोसंरचनात्मक संसाधनों का अधिकतम उपयोग कर रही है।

# शासकीय चिकित्सालयों का निर्माण कार्य प्राथमिकता से पूर्ण कराएं

**भोपाल,** मध्यप्रदेश के सभी शासकीय चिकित्सालयों में लोक निर्माण विभाग द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्य तय समय सीमा से पहले पूर्ण किए जायें। इन कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। यह निर्देश लोक निर्माण मंत्री श्री गोपाल भार्गव ने विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को दिए हैं।

इसी क्रम में प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग श्री नीरज मंडलोई ने हमीदिया चिकित्सालय परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल परिसर में संचालित निर्माण कार्य का अवलोकन किया और सभी कार्यों को तत्परता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि अस्पताल की चौथी मंजिल में 94 बिस्तर तथा नौवीं मंजिल में 60 बिस्तर वाले जनरल वार्ड का सिविल वर्क पूरा कर लिया गया है। इन वार्ड में फर्नीचर और लाइट का काम कराया जा रहा है। इसके साथ ही चिकित्सालय की 10वीं और 11वीं मंजिल पर ऑक्सीजन पाइप लाइन बिछाने का काम तेजी से किया जा रहा है, इसके लिए एक सौ पचास से अधिक कारीगरों और मजदूरों को लगाया गया है। उन्होंने 22 अप्रैल तक 120 आक्सीजन युक्त बिस्तरों वाला वार्ड मरीजों को उपलब्ध कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। श्री मंडलोई ने चिकित्सालय परिसर में विद्युत की आपूर्ति और सुरक्षा संबंधी उपायों के विषय में भी अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि चिकित्सालय में विद्युत आपूर्ति बहाल रखी जाए।

# होम आइसोलेशन में हर मरीज को प्रदान की जाये मेडिकल किट

## जनता को निरंतर दी जाए अस्पतालों और बिस्तरों की जानकारी

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान मंत्रालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कोरोना की स्थिति एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुये।

**भोपाल,** कोरोना टेस्ट की संख्या बढ़ाई जाए और उसकी रिपोर्ट 24 घंटे में आना सुनिश्चित किया जाए। होम आइसोलेशन की व्यवस्था को पुख्ता बनाया जाए तथा होम आइसोलेशन में रह रहे हर मरीज को निःशुल्क मेडिकल किट उपलब्ध कराई जाए। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश में कोरोना की स्थिति एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में कोरोना के इलाज के लिए अस्पतालों में बिस्तरों, ऑक्सीजन, इंजेक्शन, दवाओं आदि की सुविधा निर्बाध रूप से मिलती रहे, यह सुनिश्चित किया जाए। साथ ही इन सुविधाओं की जानकारी कॉल सेंटर 1075 आदि के माध्यम से जनता को निरंतर मिलती रहे।

### समय पर पहुंच जाए सभी जिलों में ऑक्सीजन

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में ऑक्सीजन की आपूर्ति निरंतर बढ़ती जा रही है तथा उपयोग के हिसाब से ऑक्सीजन मिल रही है। यह सुनिश्चित किया जाए कि प्राप्त ऑक्सीजन सभी जिलों को समय पर उपलब्ध हो जाए।

### चार हजार ऑक्सीजन कंसंट्रेटर की व्यवस्था

श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश के विभिन्न जिलों में चार हजार ऑक्सीजन कंसंट्रेटर की व्यवस्था की जा रही है। इस संबंध में आदेश जारी कर दिए गए हैं। दो हजार कंसंट्रेटर पहले दिए जा चुके हैं तथा 150 कंसंट्रेटर और आ गए हैं। इसी प्रकार सभी जिलों में कुल 58 ऑक्सीजन संयंत्र चालू किए जाने के संबंध में कार्यवाही की जा रही है। इनमें से 21 लग गए हैं तथा 13 शीघ्र चालू होंगे।

### निर्धारित दर पर ही हो कोरोना जांच एवं इलाज

श्री चौहान ने निर्देश दिए कि निजी लैब और अस्पतालों द्वारा निर्धारित दर पर ही कोरोना टेस्ट, सीटी स्कैन तथा कोरोना का उपचार किया जाए। अस्पताल टेस्ट एवं इलाज की दरें बाहर प्रदर्शित करें। जो अस्पताल निर्धारित दरों से अधिक शुल्क लें, उनके खिलाफ कार्यवाही की जाए।

### टेस्टिंग के लिए न लगे लाइन

मुख्यमंत्री ने शासकीय एवं निजी लैब में कोरोना टेस्ट क्षमता बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही वहां इस प्रकार की व्यवस्था की जाए कि किसी भी व्यक्ति को कोरोना टेस्ट करवाने के लिए लाइन में न लगना पड़े।

प्रदेश के सभी जिलों में 110 कोविड केयर सेंटर प्रारंभ कर दिए गए हैं। इनमें 6,153 बिस्तरों की उपलब्धता है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि जिन मरीजों को होम आइसोलेशन के लिए उनके घर में जगह नहीं है, उन्हें कोविड केंट्रोल संटर में रखा जाए। यहां दवाओं, चाय, नाश्ता, भोजन आदि सभी व्यवस्थाएं अच्छी हों।

### होम आइसोलेशन व्यवस्था को पुख्ता करें

श्री चौहान ने कहा कि होम आइसोलेशन व्यवस्था को इतना सुदृढ़ बनाया जाए कि मरीजों को अस्पताल जाने की जरूरत ही न पड़े। होम आइसोलेशन में दवाओं की किट, टेलीमेडिसिन के साथ ही निरंतर निगरानी हो। दिन में दो बार मरीज से बात की जाए। होम आइसोलेशन में रह रहे मरीजों को शहरी क्षेत्र में नगरीय निकाय एवं ग्रामीण क्षेत्र में पंचायतों के माध्यम से निःशुल्क दवाओं की किट वितरित की जाएगी। वर्तमान में प्रदेश में 44 हजार 999 मरीज होम आइसोलेशन में हैं।

# ऑक्सीजन, बिस्तर और रेमडेसिविर इंजेक्शन सर्वोच्च प्राथमिकता

**भोपाल,** ऑक्सीजन की उपलब्धता की स्थिति तेजी से सामान्य होती जा रही है। ऑक्सीजन आपूर्ति के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से भी निवेदन किया गया है। प्रदेश में 8 अप्रैल को जहां 130 मीट्रिक टन ऑक्सीजन उपलब्ध थी, जो कि बढ़कर 336 मीट्रिक टन हो गई है। भिलाई, बोकारो, राउरकेला, जमशेदपुर आदि से ऑक्सीजन लाने के लिए पर्याप्त टैंकरों की व्यवस्था की जा रही है।

जिन जिलों में मरीजों की संख्या अधिक है, वहां त्वरित रूप से ऑक्सीजन पहुँचाई जाएगी। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में कोरोना नियंत्रण पर केन्द्रित एक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में कहीं।

### प्रशासन अकादमी, हमीदिया, चिरायु और एम्स में बढ़ेंगे बिस्तर

मुख्यमंत्री ने कहा कि रेमडेसिविर इंजेक्शन के लिए 50 हजार इंजेक्शन के कार्यादेश जारी किए जा चुके हैं।

बैठक में बताया गया कि सनफार्मा द्वारा 20 हजार, मायलोन कम्पनी द्वारा 3 हजार इंजेक्शन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। सिपला, जायडस आदि से भी इंजेक्शन प्राप्त किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त एक लाख इंजेक्शन की और व्यवस्था की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी और निजी अस्पतालों में बिस्तरों की कुल संख्या बढ़कर 38 हजार 626 हो गई है। प्रशासन आकदमी में 150, हमीदिया अस्पताल में 300, चिरायु में 300 और एम्स में 500 बिस्तर की व्यवस्था की जा रही है।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान कोरोना नियंत्रण के लिए आयोजित बैठक को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित करते हुए।

### होम आइसोलेशन वाले मरीजों से दिन में दो बार बात करें डॉक्टर

श्री चौहान ने कहा कि व्यापक टेस्टिंग व्यवस्था, 24 घंटे में टेस्ट रिपोर्ट देने, होम आइसोलेशन में रह रहे मरीजों का कमाण्ड एण्ड कंट्रोल सेंटर से डॉक्टर द्वारा टेलीमेडिसिन के माध्यम से दिन में दो बार सुपरविजन सुनिश्चित करने और मरीजों को आवश्यक रूप से मेडिकल किट उपलब्ध कराई जा रही हैं। बढ़ते संक्रमण को देखते हुए इस व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जा रहा है।

### शासकीय और निजी अस्पतालों में नियुक्त होंगे नोडल अधिकारी

मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी बड़े शासकीय और निजी अस्पतालों में बिस्तरों की व्यवस्था और जन-सामान्य को इसकी जानकारी उपलब्ध कराने के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाएंगे। यह व्यवस्था सभी जिलों में भी लागू होगी। निजी अस्पतालों को अपने दूरभाष क्रमांक और उपलब्ध बिस्तरों की जानकारी प्रदर्शित करना आवश्यक होगा। श्री चौहान ने कहा कि कोविड प्रभावित व्यक्तियों को इलाज के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन तथा अस्पतालों की जानकारी सरलता से मिले, इसके लिए आवश्यक व्यवस्था विकसित की जाएगी। जिला स्तर पर प्रभारी मंत्री इस व्यवस्था का समन्वय करेंगे।

### कोविड केयर सेंटर के संबंध में जन-सामान्य से फीडबैक लिया जाएगा

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान जानकारी दी गई कि प्रदेश में संचालित 720 फीवर क्लीनिक पर लगातार टेस्टिंग प्रक्रिया जारी है। प्रदेश के सभी जिलों में कोविड केयर सेंटर का संचालन आरंभ हो गया है। इन सेंटरों में 5,328 बेड की व्यवस्था की जा चुकी है। कोविड केयर सेंटर के संचालन के संबंध में जन-सामान्य से निरंतर फीडबैक लेने की व्यवस्था की गई है।

# दीवार लेखन कर स्व-सहायता समूह कर रहे हैं ग्रामीणों को जागरूक

**मुरैना,** 'दो गज की दूरी-मास्क है जरूरी', साबुन से हाथ धोते रहें, साबुन नहीं तो सेनेटाइजर का उपयोग करते रहें। कोरोना से बचाव जरूरी है। लोग घर में रहें, सुरक्षित रहें। भीड़-भाड़ में नहीं जायें। भीड़ से बचें, बहुत इमरजेन्सी हो तभी मास्क लगाकर सुरक्षित घर से निकलें। यह जागरूकता का कार्य सांई कृपा स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा दीवार लेखन कर बखूबी समझाइश देकर लिखा जा रहा है।

मुरैना जिले के पहाड़गढ़ विकासखण्ड के सांई कृपा स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा कोरोना के प्रति जागरूक करने के लिये दीवार लेखन का कार्य बड़ी तीव्र गति से किया जा रहा है। दीवार लेखन कार्य में उनके द्वारा 'दो गज की दूरी-मास्क है जरूरी' संदेश लोगों तक पहुंच रहा है। लोग कोरोना से बचने के लिये जागरूक भी हो रहे है।

स्व-सहायता समूह पहाड़गढ़ की अध्यक्ष श्रीमती आराधना सिंह धाकड़ ने बताया कि मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के मार्गदर्शन में 2018 में समूह का गठन किया गया था। समूह में 10 महिलाएं हैं। समूह की महिलाओं को मध्यप्रदेश आजीविका मिशन के मार्गदर्शन में वर्चुअल कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कोविड से बचने के लिये दीवार लेखन का कार्य, मास्क, सेनेटाइजर का कार्य सौंपा गया है, जिसे समूह की महिलाओं ने गंभीरता से लेते हुए पूरी ग्राम पंचायत में नारे लिखने का कार्य हाथ में लिया।

कोरोना के प्रति सजग रहने और जन-जागृति के लिये समूह की महिलाएं घरों की दीवारों पर सावधानियां बरतने संबंधी स्लोगन लेखन कार्य कर रही हैं। साथ ही हर घर में मास्क लगाने और हाथ धोने के साथ ही अन्य लोगों से दूरी बनाये रखने की सलाह भी दी जा रही है। ग्रामीणों को कोविड टीकाकरण के लिये प्रोत्साहित भी किया जा रहा है। इस कार्य में इस कार्य में समूह की सदस्य अनीता धाकड़, सुनीता धाकड़, रामस्वरूपी धाकड़, सुरक्षा धाकड़ और नारायण सिंह धाकड़ द्वारा सक्रिय भागीदारी निभाई जा रही है। समूह के प्रयासों से ग्रामीण भी कोरोना के प्रति सावधानी बरत रहे हैं।

### जागरूकता के साथ पीड़ितों की सेवा भी

मध्यप्रदेश जन-अभियान परिषद कैलारस के सामाजिक कार्यकर्ता श्री सौरभ गौड़ एक युवा उद्यमी भी हैं। उनके द्वारा अपने क्षेत्र में कोरोना काल में राशन बांटने से लेकर मास्क वितरण एवं जागरूकता के लिये निरंतर कार्य किया जा रहा है। नागरिकों को कोरोना से बचाव के लिये सेनेटाइजर एवं कोरोना वैक्सीन के प्रति जागरूक बनाकर कोरोना वीमारी से बचाने के सार्थक प्रयास कर रहे है। लोगों से सीधा संवाद कर उन्हें कोरोना के प्रति जागरूक रहने की शिक्षा देते हुए पीड़ितों को काढ़ा बनाने सहित कोरोना से बचाव की अन्य सावधानियां भी बताई जा रही हैं।

*(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)*

# निजी चिकित्सक भी देंगे होम आइसोलेटेड मरीजों को चिकित्सा परामर्श

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान कोरोना संक्रमण पर आयोजित मंत्रिपरिषद की आपात बैठक को संबोधित करते हुए।

**भोपाल,** प्रभारी मंत्री होम आइसोलेशन में रह रहे कोरोना मरीजों से फोन के माध्यम से सम्पर्क में रहें। इससे डिस्ट्रिक्ट कमाण्ड एण्ड कंट्रोल सेंटर की व्यवस्थाओं को सजग और निरंतर सक्रिय बनाने में मदद मिलेगी। होम आइसोलेशन और कोविड केयर सेंटर की व्यवस्था को बेहतर बनाकर इनमें जनता का विश्वास जगाना आवश्यक है। इससे कोरोना संक्रमण के कारण अस्पतालों पर बढ़ रहे बोझ को कम करने में मदद मिलेगी। संक्रमण की चेन को तोड़ने के लिए जिले से लेकर प्रत्येक गांव में 30 अप्रैल तक जनता कर्फ्यू का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। प्रभारी मंत्री इसके लिए सभी स्तरों पर आवश्यक वातावरण बनायें। इस संबंध में किसी भी स्तर पर कोई ढिलाई नहीं की जाए। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में कोरोना संक्रमण पर आयोजित मंत्रिपरिषद की आपात बैठक में उक्त आशय के निर्णय लिए गए।

बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रतिष्ठित निजी चिकित्सकों की सलाह, मार्गदर्शन और काउंसलिंग होम आइसोलेशन में रह रहे मरीजों को मिल सके, इसकी व्यवस्था सभी जिलों में सुनिश्चित की जाएगी। इसके साथ ही होम आइसोलेशन में रह रहे व्यक्तियों को बेहतर कॉउंसलिंग और आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध कराने में जन-अभियान परिषद के माध्यम से कोरोना वॉलेंटियर्स का सहयोग लिया जाएगा।

विकासखंड और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र स्तर पर कोविड केयर सेंटर की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ किया जाएगा। इन केन्द्रों पर कुछ ऑक्सीजन बेड की व्यवस्था भी रहेगी। वर्तमान में 136 कोविड केयर सेंटर संचालित हैं। आवश्यकता होने पर इनम वृद्धि की जाएगी। इन केन्द्रों में आयुष के स्टॉफ को दायित्व सौंपा जाएगा। इनमें इलाज, देखभाल, सफाई और भोजन आदि की बेहतर व्यवस्था स्थापित की जाएगी, जिससे इन केन्द्रों पर जनता का विश्वास विकसित हो।

मंत्रिपरिषद द्वारा निर्णय लिया गया कि सभी जिला अस्पतालों में कोविड-19 के उपचार की आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएंगी। बुरहानपुर, खण्डवा, छिंदवाड़ा सहित अन्य जिन जिलों में कोरोना संक्रमितों की संख्या नियंत्रित हुई है, उन जिलों में हुए नवाचारों और वहां स्थापित की गई व्यवस्थाओं के संबंध में अन्य जिलों को जानकारी दी जाएगी, जिससे संबंधित जिले अपनी परिस्थितियों के अनुरूप तद्नुसार व्यवस्थाएं स्थापित करें। मंत्रिपरिषद द्वारा निर्णय लिया गया कि रेमडेसिविर इंजेक्शन के उपयोग के संबंध में वरिष्ठ चिकित्सकों तथा विशेषज्ञों की सलाह से प्रोटोकॉल विकसित किया जाएगा। इसकी जिम्मेदारी चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास सारंग तथा लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी को सौंपी गई है।

मंत्रिपरिषद ने निर्णय लिया कि प्रदेश में 18 साल से ऊपर के उम्र वालों को भी टीका लगाया जाएगा। प्रदेश में अधिक से अधिक व्यक्तियों का टीकाकरण सुनिश्चित करने के लिए अभियान को गति दी जाएगी।

मंत्रिपरिषद द्वारा निर्णय लिया गया कि अस्पतालों में कोरोना सहायता केन्द्र स्थापित किए जाएंगे। इन केन्द्रों पर सर्दी, खांसी, जुकाम के मरीजों को मेडिकल किट उपलब्ध कराने और इलाज के लिए सलाह दी जाएगी। हरिद्वार कुंभ से लौट रहे व्यक्तियों और अन्य राज्यों से आ रहे लोगों की जांच करने और ग्राम स्तर पर उन्हें क्वारेंटाइन करने की उपयुक्त व्यवस्था स्थापित करने का भी निर्णय लिया गया।

मंत्रिपरिषद ने निर्णय लिया कि जिन विकासखंडों में कोरोना संक्रमित व्यक्ति तथा सर्दी, जुकाम और खांसी से प्रभावित व्यक्तियों की संख्या अधिक है वहां किल कोरोना अभियान-2 चलाया जाएगा। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तथा स्वास्थ्य विभाग अमले के सहयोग से घर-घर सर्वे कर प्रभावित व्यक्तियों को चिन्हित किया जाएगा।

ऐसे व्यक्तियों को मेडिकल किट उपलब्ध कराने, उपयुक्त जांच कराने और आवश्यकता होने पर उनके होम आइसोलेशन या कोविड केयर सेंटर में रखने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। गांवों में चौकीदारों को यह जिम्मेदारी सौंपी जाएगी कि वे सर्दी, जुकाम से प्रभावित व्यक्तियों की तत्काल सूचना दें।

मंत्रिपरिषद ने निर्णय लिया कि कोरोना संक्रमण और उससे बचाव के संबंध में सही जानकारी उपलब्ध कराने और जन-जागरूकता के लिए पेम्फलेट वितरण कराया जाएगा। रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए काढ़ा वितरण कार्यक्रम तथा योग से निरोग कार्यक्रम आरंभ किया जाएगा। इसके साथ ही मीडिया में सकारात्मक, तथ्यपरक और सही जानकारी आए, इसके लिए जिला स्तर पर व्यवस्था स्थापित की जाएगी।

# कोविड केयर सेंटरों की नियमित निगरानी की व्यवस्था हो - मुख्यमंत्री

**भोपाल,** कोविड केयर सेंटरों की नियमित निगरानी की व्यवस्था हो। भोजन की गुणवत्ता, साफ-सफाई और औषधियों की उपलब्धता और समझाइश पर विशेष ध्यान दिया जाए। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कोरोना संक्रमण नियंत्रण के लिए गठित कोर ग्रुप की बैठक को वर्चुअली संबोधित करते हुए कहीं। मुख्यमंत्री ने ऑक्सीजन की उपलब्धता, रेमडेसिविर इंजेक्शन तथा अन्य मेडिकल सामग्री की आपूर्ति और परिवहन की स्थिति की जानकारी ली। पॉजिटिव रोगियों को मेडिकल किट वितरण, उनके होम आइसोलेशन की स्थिति और कोविड केयर सेंटर की व्यवस्थाओं के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की गई।

### ऑक्सीजन आपूर्ति की समीक्षा

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने ऑक्सीजन आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा कर जिलेवार आवश्यकतानुसार आपूर्ति के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य स्तर से जिस जिले के लिए ऑक्सीजन आवंटित की गई उसे समय रहते सुनिश्चित किया जाए। एयर प्रेशर यूनिटों की स्थापना के कार्य को गति देने के साथ जिलों में ऑक्सीजन कंसंट्रेटर और छोटे सिलेंडरों की आपूर्ति की व्यवस्था पर भी ध्यान दिया जाए।

### ऑक्सीजन टैंकरों की पॉइंट टू पॉइंट निगरानी

बैठक में जानकारी दी गई कि उत्पादन केन्द्र से ऑक्सीजन टैंकरों के चलने से लेकर संबंधित जिले तक ऑक्सीजन की नियमित आपूर्ति के लिए पॉइंट टू पॉइंट समीक्षा की जा रही है। होम आइसोलेशन अंतर्गत रोगियों के स्वास्थ्य की जानकारी भी नियमित रूप से ली जा रही है। प्रतिदिन 96 प्रतिशत रोगियों के साथ संपर्क किया जा रहा है। पॉजिटिव रोगियों को मेडिकल किट उपलब्ध कराई जा रही है। प्रदेश के 52 जिलों में 137 कोविड सेंटरों में 7 हजार 437 बिस्तरों की क्षमता उपलब्ध हो गई है। इनमें से 2386 बिस्तर भरे हुए हैं। लोक निर्माण विभाग द्वारा कोविड केयर सेंटरों की स्थापना का कार्य निरंतर जारी है। इसके लिए आठ पैरामीटर निर्धारित कर उनकी नियमित समीक्षा कलेक्टर और स्वास्थ्य विभाग द्वारा की जा रही है।

### ग्राम स्तर पर होगी आइसोलेशन व्यवस्था

ग्रामीण अंचल में मोबाइल एप द्वारा संक्रमण की स्थिति की निगरानी की व्यवस्था भी की जा रही है। समीक्षा बैठक में बताया गया कि प्रदेश में आ रहे सभी प्रवासी श्रमिकों और कुंभ यात्रियों के आइसोलेशन की व्यवस्था ग्राम स्तर पर की गई है।

# राष्ट्रीय मीन्स-कम-मेरिट छात्रवृत्ति चयन परीक्षा हुई स्थगित

**भोपाल,** 'राष्ट्रीय मीन्स-कम-मेरिट छात्रवृत्ति (एनएमएमएसएस)' के लिए 2 मई 2021 को आयोजित होने वाली चयन परीक्षा' को कोविड-19 की वर्तमान परिस्थितियों के दृष्टिगत आगामी आदेश तक स्थगित कर दिया गया है। परीक्षा की नवीन तिथि पृथक से घोषित की जाएगी।

राज्य शिक्षा केंद्र के अपर संचालक श्री ओ. एल. मंडलोई ने बताया कि एनएमएमएसएस परीक्षा के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि पूर्व में 15 अप्रैल थी, जिसे 15 मई 2021 तक बढ़ाया गया है। इच्छुक छात्र एमपी-ऑनलाइन के माध्यम से परीक्षा के लिए आवेदन कर सकेंगे।

मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार ने आर्थिक रूप से कमजोर प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के लिए राष्ट्रीय मीन्स-कम-मेरिट छात्रवृत्ति योजना वर्ष 2008 में प्रारंभ की है।

चयनित विद्यार्थियों को कक्षा नौवीं से बारहवीं तक प्रतिवर्ष 12 हजार रुपये के मान से छात्रवृत्ति दी जाती है।

कक्षा आठवीं में अध्ययनरत नियमित छात्र, जिन्होंने कक्षा सातवीं में कम से कम 'सी' ग्रेड प्राप्त किया है और जिनके अभिभावकों की सकल वार्षिक आय एक लाख पचास हजार रुपये से अधिक नहीं है, इस छात्रवृत्ति के लिए आवेदन कर सकते हैं। यह छात्रवृत्ति केवल शासकीय, शासकीय अनुदान प्राप्त एवं स्थानीय निकायों के विद्यालयों में अध्ययनरत नियमित विद्यार्थियों के लिए है।

*(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)*

# विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये सामान्य ज्ञान - खेल

1. **फेड एक्स कप किस खेल की प्रतिष्ठित प्रतियोगिता है?**
   (अ) टेनिस (ब) गोल्फ
   (स) वास्केटबॉल (द) एथेलेटिक्स
2. **शीतकालीन ओलिंपिक खेल पहली बार कब आयोजित किए गए थे?**
   (अ) वर्ष 1924 (ब) वर्ष 1930
   (स) वर्ष 1932 (द) वर्ष 1945
3. **विज्डन पत्रिका ने वर्ष 2018 में किस खिलाड़ी को टी-20 क्रिकेटर्स ऑफ द ईयर चुना था?**
   (अ) युजवेंद्र चहल
   (ब) मार्नस लाबुशेन
   (स) हेनरिक क्लासेन
   (द) राशिद खान
4. **रियो ओलिंपिक में इनमें से कौन भारतीय दल के ध्वजवाहक थे?**
   (अ) अभिनव बिंद्रा
   (ब) सुशील कुमार
   (स) साइना नेहवाल
   (द) विजय कुमार
5. **इस वर्ष ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन टूर्नामेंट में पुरुष एकल वर्ग के चैम्पियन बने हैं?**
   (अ) लिन डेन
   (ब) ली जी जिया
   (स) केंटो मोमोटा
   (द) विक्टर एक्सेलसन
6. **एशियन गेम्स-2018 में फुटबॉल (पुरुष) का स्वर्ण पदक किस देश ने जीता है?**
   (अ) जापान
   (ब) ईरान
   (स) दक्षिण कोरिया
   (द) इंडोनेशिया
7. **वर्ष 2012 में एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट किस देश में आयोजित किया गया था?**
   (अ) भारत (ब) श्रीलंका
   (स) यूएई (द) बांग्लादेश
8. **मैग्नस कार्लसन किस देश के शतरंज के दिग्गज खिलाड़ी हैं?**
   (अ) नॉर्वे (ब) रूस
   (स) कजाकिस्तान (द) मंगोलिया
9. **टेनिस में सबसे ज्यादा ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीतने वाली महिला खिलाड़ी हैं?**
   (अ) सेरेना विलियम्स
   (ब) मार्टिना हिंगिस
   (स) मार्गरेट कोर्ट
   (द) स्टेफी ग्राफ
10. **वन-डे क्रिकेट में सबसे तेज दोहरा शतक बनाने वाले बल्लेबाज हैं?**
    (अ) रोहित शर्मा
    (ब) क्रिस गेल
    (स) डेविड मिलर
    (द) मार्टिन गुप्टिल
11. **रोजर फेडरर ने अब तक कितने ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं?**
    (अ) 17 (ब) 18
    (स) 20 (द) 24
12. **वर्ष 2014 में किस देश ने यूमेंस रग्बी वर्ल्डकप का खिताब जीता था?**
    (अ) कनाडा (ब) इंग्लैंड
    (स) दक्षिण अफ्रीका (द) न्यूजीलैंड
13. **फॉर्मूला-वन रेसर सवेस्टियन वेटल किस देश के नागरिक हैं?**
    (अ) ऑस्ट्रेलिया (ब) आयरलैंड
    (स) अर्जेंटीना (द) जर्मनी
14. **ओलिंपिक खेलों में महिला हॉकी में सबसे ज्यादा स्वर्ण पदक निम्न में से किस देश ने जीते हैं?**
    (अ) भारत (ब) पाकिस्तान
    (स) नीदरलैंड (द) ब्रिटेन
15. **दीपिका कुमारी किस खेल में भारत का प्रतिनिधित्व करती हैं?**
    (अ) नौकायन (ब) निशानेबाजी
    (स) बैडमिंटन (द) तीरंदाजी
16. **भारत में कूच बिहार ट्रॉफी किस खेल से संबंधित है?**
    (अ) क्रिकेट (ब) फुटबॉल
    (स) कबड्डी (द) मलखम्ब
17. **वर्ष 2019 में बार्सिलोना ओपन टूर्नामेंट में पुरुष एकल वर्ग के चैम्पियन बने थे?**
    (अ) राफेल नडाल
    (ब) डोमिनिक थिएम
    (स) डेनिल मेदवेदेव
    (द) एलेक्जेंडर ज्वेरेव
18. **गोल्ड कोस्ट कॉमनवेल्थ गेम्स में बेटलिफ्टिंग में किस देश ने सबसे ज्यादा स्वर्ण पदक जीते हैं?**
    (अ) भारत (ब) आयरलैंड
    (स) ब्रिटेन (द) कनाडा
19. **ऑस्ट्रेलिया ने इनमें से किस खिलाड़ी की कप्तानी में वन-डे वर्ल्डकप नहीं जीता है?**
    (अ) माइकल क्लार्क
    (ब) स्टीव वॉ
    (स) रिकी पोंटिंग
    (द) माइकल स्लेटर
20. **इनमें से किस बल्लेबाज के नाम 11 देशों में टेस्ट शतक बनाने का विश्व रिकॉर्ड है?**
    (अ) सचिन तेंदुलकर
    (ब) यूनिस खान
    (स) जैक कैलिस
    (द) ब्रायन लारा
21. **वर्ष 2017 में फीफा कन्फेडरेशन कप किस देश ने जीता था?**
    (अ) क्रोएशिया (ब) कोस्ट रिका
    (स) जर्मनी (द) इटली
22. **वर्ष 2017 में एशियन एथेलेटिक्स चैम्पियनशिप किस शहर में आयोजित हुई थी?**
    (अ) भुवनेश्वर (ब) हैदराबाद
    (स) गुवाहाटी (द) देहरादून
23. **वर्ष 2019 में किस खिलाड़ी को आईसीसी टेस्ट प्लेयर ऑफ द ईयर चुना गया था?**
    (अ) बेन स्टोक्स
    (ब) बाबर आजम
    (स) पैट कमिंस
    (द) रोहित शर्मा
24. **फ्रांसिस्को मॉलिनेरी किस देश के दिग्गज गोल्फर हैं?**
    (अ) सर्विया (ब) इटली
    (स) जिम्बाब्वे (द) अमेरिका
25. **वर्ष 2028 में ओलिंपिक खेल किस शहर में आयोजित किए जाएंगे?**
    (अ) म्युनिख (ब) पेरिस
    (स) दुबई (द) लॉस एंजेलिस

### उत्तरमाला

| | | |
|---|---|---|
| 1. (ब), | 2. (अ), | 3. (द) |
| 4. (अ), | 5. (ब), | 6. (स) |
| 7. (द), | 8. (अ), | 9. (स) |
| 10. (ब), | 11. (स), | 12. (ब) |
| 13. (द), | 14. (स), | 15. (द) |
| 16. (अ), | 17. (ब), | 18. (अ) |
| 19. (द), | 20. (ब), | 21. (स) |
| 22. (अ), | 23. (स), | 24. (ब) |
| 25. (द) | | |

**- पुष्येन्द्र कुमार सविता**
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी विषयों पर लेखन करते हैं।)

सामयिकी

## ईरान ने साठ प्रतिशत तक यूरेनियम संवर्धन शुरू किया

ईरान ने नतांज परमाणु स्थल के हमले को दरकिनार करते हुए 60 प्रतिशत तक यूरेनियम संवर्धन शुरू कर दिया है। ईरान

की संसद में स्पीकर ने यह जानकारी प्रदान की है। सरकारी टेलीविजन ने मोहम्मद बागेर घलीबफ की ओर से यह जानकारी दी है। हालांकि अभी तक यह नहीं बताया गया है कि ईरान की मंशा कितनी मात्रा में संवर्धन की है। ईरान ने ऐसे समय संवर्धन की जानकारी दी है जब वियना में ईरान विश्व शक्तियों के साथ बातचीत कर रहा है कि कैसे अमेरिका को फिर से समझौते में वापस लाया जा सके और इस्लामिक गणराज्य को कड़े आर्थिक प्रतिबंधों में छूट मिल सके।

पीएम का राष्ट्र को संबोधन

# आज की परिस्थितियों में हमें देश को लॉकडाउन से बचाना होगा : प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कोविड-19 के हालात पर राष्ट्र को संबोधित किया। उन्होंने महामारी के दौरान बीते दिनों में अपनों को खोने वाले लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की। प्रधानमंत्री ने कहा, 'परिवार के एक सदस्य के रूप में, मैं आपके दुख में शामिल हूं। चुनौती बड़ी है, लेकिन हमें मिलकर अपने संकल्प, अपने हौसले और तैयारी के साथ इसको पार करना है।' उन्होंने कोरोना के खिलाफ लड़ाई में डॉक्टरों, मेडिकल स्टाफ, पैरामेडिकल स्टाफ, सफाईकर्मियों, एम्बुलेंस ड्राइवरों, सुरक्षा बलों और पुलिस बल के योगदान की सराहना की। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार देश के विभिन्न हिस्सों में ऑक्सीजन की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए तेजी से और संवेदनशीलता के साथ काम कर रही है। केंद्र सरकार, राज्य सरकारें और निजी क्षेत्र सभी कोशिश कर रहे हैं कि हर जरूरतमंद व्यक्ति को ऑक्सीजन मिले। ऑक्सीजन उत्पादन और आपूर्ति बढ़ाने के प्रयास कई स्तरों पर किए जा रहे हैं। नए ऑक्सीजन संयंत्र स्थापित करने, एक लाख नए सिलेंडर पहुंचाने, औद्योगिक ईकाइयों में इस्तेमाल हो रही ऑक्सीजन का मेडिकल उपयोग, ऑक्सीजन रेल जैसे प्रयास किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे वैज्ञानिकों ने बहुत कम समय में वैक्सीन

विकसित की है और आज भारत के पास दुनिया की सबसे सस्ती वैक्सीन हैं, जो भारत में उपलब्ध कोल्ड-चेन व्यवस्था के अनुकूल हैं। टीम के इस सामूहिक प्रयास के चलते, भारत ने दो 'मेड इन इंडिया' टीकों के साथ दुनिया का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान शुरू किया है। टीकाकरण अभियान के पहले चरण से ही, इस बात पर जोर दिया गया है कि ज्यादा से ज्यादा क्षेत्रों तक, जरूरतमंद लोगों तक वैक्सीन पहुंचे। दुनिया में सबसे तेजी से भारत में पहले 10 करोड़, फिर 11 करोड़ और अब 12 करोड़ वैक्सीन की खुराकें दी गई हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि 1 मई के बाद 18 साल से ऊपर के हर व्यक्ति को टीका लगाया जा सकता है। भारत में तैयार हो रही वैक्सीन का आधा हिस्सा सीधे राज्यों और अस्पतालों को भेजा जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे पास पहली लहर के शुरुआती दिनों की तुलना में इस चुनौती का मुकाबला करने के लिए बेहतर जानकारी और संसाधन उपलब्ध हैं। श्री मोदी ने कोरोना के खिलाफ बहुत मजबूती और धैर्य के साथ लड़ाई लड़ने का श्रेय भारत के लोगों को दिया। उन्होंने कहा कि जन भागीदारी की ताकत से हम कोरोना की इस लहर को भी परास्त कर देंगे। उन्होंने सामाजिक संस्थाओं के सेवाभाव को नमन किया जो जरूरत के समय में लोगों की मदद कर रही हैं। उन्होंने सभी देशवासियों से उन लोगों की सहायता के लिए आगे आने का आह्वान किया, जिन्हें इसकी जरूरत है। प्रधानमंत्री ने युवाओं से अनुरोध किया कि वे अपने क्षेत्रों और आस-पड़ोस में कोविड अनुशासन का पालन करवाने में मदद करें। इससे कंटेनमेंट जोन, कर्फ्यू या लॉकडाउन लगाने की जरूरत ही नहीं पड़ेगी। उन्होंने बच्चों से भी ऐसा माहौल बनाने के लिए कहा, जहां उनके परिवार के सदस्य अनावश्यक रूप से बाहर जाने से बचें। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज की परिस्थितियों में हमें देश को लॉकडाउन से बचाना है। उन्होंने राज्य सरकारों से लॉकडाउन को अंतिम विकल्प के रूप में ही इस्तेमाल करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि लॉकडाउन से बचने की पूरी कोशिश करनी है और माइक्रो कंटेनमेंट जोन पर ही ध्यान केंद्रित करना है।

## म्यांमार में तख्तापलट के खिलाफ राजनीतिक विद्रोह

म्यांमार में सत्ता पर काबिज जुंटा के विरोधियों ने राजनीतिक विद्रोह कर दिया और कहा कि उन्होंने आंग सान सू की के सत्ता से बाहर किए गए मंत्रिमंडल और बड़े नस्ली अल्पसंख्यक समूहों के सदस्यों के साथ एक अंतरिम राष्ट्रीय एकता सरकार बनाई है। यह घोषणा आसियान द्वारा म्यांमार के संकट को सुलझाने की कूटनीतिक पहल की पूर्व संध्या पर की गई है। जुंटा द्वारा हिंसक कार्रवाई तख्तापलट के खिलाफ विरोध को रोकने में असफल रही है और अब जब सेना सीमाई इलाकों में अल्पसंख्यक नस्ली समुदायों तक इस जंग को लेकर चली गई है तो कुछ आसियान सदस्यों का मानना है कि यह संकट क्षेत्रीय स्थिरता को परेशानी में डाल रहा है। तख्तापलट के विरोधी अपने विरोध को मजबूत करने के लिए नस्ली अल्पसंख्यक

समुदायों के साथ गठबंधन करना चाह रहे थे। दशकों तक अल्पसंख्यकों को सीमाई क्षेत्रों में अधिक स्वायत्तता के लिए संघर्षों में कभी शामिल किया जाता था कभी नहीं। यह स्पष्ट नहीं है कि अल्पसंख्यक राजनीतिक संगठन औपचारिक तौर पर गठबंधन में शामिल है या नहीं, लेकिन उनकी रैंक की प्रमुख हस्तियों की नियुक्ति सेना के खिलाफ संयुक्त संघर्ष के प्रति प्रतिबद्धता तख्तापलट के खिलाफ जारी अभियान को बल देगी।

## अफगानिस्तान में अमेरिकी सैनिकों की संख्या बढ़ेगी

अफगानिस्तान से अमेरिकी बलों की पूर्ण वापसी की सुरक्षित एवं व्यवस्थित प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए वहां

अमेरिकी सैनिकों की संख्या बढ़ाई जा सकती है। पेंटागन के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने कहा है कि इस संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है कि कुछ समय के लिए अफगानिस्तान में अतिरिक्त क्षमता बढ़ाई जाएगी ताकि (अमेरिका के) राष्ट्रपति द्वारा तय की गई सितंबर तक की समय सीमा तक बलों की सुरक्षित व्यवस्थित और सुनियोजित वापसी सुनिश्चित हो सके।

अमेरिका और जापान

## क्वाड को मिलकर करेंगे मजबूत

जापान के प्रधानमंत्री और अमेरिका के राष्ट्रपति की पिछले दिनों व्हाइट हाउस में हुई मुलाकात में क्षेत्र में शांति एवं समृद्धि पर पड़ने वाले प्रभाव सहित क्वाड को मजबूत करने पर चर्चा हुई।

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन की किसी अन्य देश के नेता के साथ आमने-सामने हुई यह पहली बैठक थी। इस मौके पर जलवायु परिवर्तन, कोरोना वायरस महामारी के खिलाफ लड़ाई और उत्तर कोरिया पर भी उन्होंने बातचीत की। दोनों नेताओं ने बैठक के बाद एक संयुक्त बयान में कहा कि हम स्वतंत्र, सुगम, मुक्त और सम्पन्न हिंद-प्रशांत के निर्माण के लिए 'क्वाड' के माध्यम से भारत और ऑस्ट्रेलिया सहित अपने

सहयोगियों एवं साझेदारों के साथ मिलकर काम करना जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि वे आसियान की एकता और हिंद-प्रशांत में आसियान दृष्टिकोण का समर्थन करते हैं। संयुक्त बयान में एक नए युग के लिए अमेरिका जापान वैश्विक साझेदारी की शुरुआत की भी घोषणा की गई।

## नासा के हेलीकॉप्टर ने मंगल ग्रह पर भरी पहली उड़ान

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने मंगल ग्रह पर सफलता की नई छलांग लगाई है। नासा के रोबोट हेलीकॉप्टर (इंजेनुइटी) ने लाल ग्रह पर पहली उड़ान भरकर इतिहास रच दिया है। धरती से परे किसी दूसरे ग्रह पर इस तरह की यह पहली उड़ान है। छोटे आकार का यह हेलीकॉप्टर उड़ान के दौरान दस फीट की ऊंचाई पाने में सफल रहा। नासा ने कहा कि इस सफलता से सौर मंडल के मंगल समेत दूसरे ग्रहों पर खोज के नये तरीकों का मार्ग प्रशस्त हो सकता है। जबकि इस प्रोजेक्ट की मैनेजर मिमि आंग ने कहा कि हम अब यह कह सकते हैं कि इंसान दूसरे ग्रह पर रोटरक्राफ्ट उड़ा सकते हैं। नासा ने बताया कि कार्बन फाइबर के ब्लेड घूमने लगे और इंजेनुइटी नाम के हेलीकॉप्टर ने लाल ग्रह की सतह को छोड़कर उड़ान भरी। करीब दस फीट की ऊंचाई के बाद यह वापस लैंड कर गया और यह सब करीब 30 सेकेंड का रहा। नासा ने इस मिशन की कुछ तस्वीरें जारी की हैं।

## मालदीव से द्विपक्षीय सहयोग पर चर्चा

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मालदीव के अपने समकक्ष अब्दुल्ला शाहिद के साथ द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न आयामों पर चर्चा की अंतर्राष्ट्रीय मंच पर करीबी सहयोग बनाकर काम करने को लेकर सहमति व्यक्त की। मालदीव के विदेश मंत्री अब्दुल्ला शाहिद दो दिवसीय यात्रा पर भारत आये थे। शाहिद ने रायसीना डायलॉग में भी हिस्सा लिया। बैठक के बाद विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने ट्वीट कर रायसीना डायलॉग में उनके हिस्सा लेने की सराहना की। इससे पहले विदेश मंत्रालय ने अपने बयान में कहा था कि मालदीव के विदेश मंत्री की भारत यात्रा के दौरान दोनों पक्ष द्विपक्षीय, क्षेत्रीय, आपसी हितों से जुड़े अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर विस्तृत चर्चा करेंगे।

कोरोना महामारी

# इटली में लॉकडाउन खत्म होगा, अमेरिका में अब नया स्ट्रेन चुनौती

इटली में कोरोना वायरस को लेकर स्थिति में सुधार हो रहा है। कोरोना के साप्ताहिक मामलों में 2 प्रतिशत और मौतों में 14 प्रतिशत गिरावट दर्ज हुई है। इसे लेकर सरकार ने कहा कि 26 अप्रैल से देश में कई जगह लॉकडाउन में ढील दी जाएगी। लेकिन इस दौरान लोगों को कोरोना गाइडलाइन का पालन करना होगा। इटली के प्रधानमंत्री मारियो ड्राघी ने कहा 'देश में कोरोना को लेकर हालात सुधर रहे हैं, इसलिए सरकार प्रतिबंध हटाने का फैसला ले रही है।' फिलहाल जहां संक्रमण कम है, वहां रेस्त्रां और सिनेमा हॉल खोले जाएंगे। वहीं, 15 मई से ओपन एयर स्वीमिंग पूल और 1 जून से जिम खोलने पर भी विचार किया जा रहा है। वहीं, अमेरिका में वायरस का ब्रिटेन वेरियंट तेजी से फैल रहा है। अमेरिका में कोरोना के साप्ताहिक मामले 4 प्रतिशत बढ़े हैं। सेंटर फॉर डिसीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन की डॉयरेक्टर रोशेल वेलेंस्की के अनुसार, नया स्ट्रेन 70 प्रतिशत अधिक तेजी से फैलता है। इसलिए इससे निपटना और भी चुनौतीपूर्ण हो रहा है।

**म्यूटेशन क्या है :-**

वायरस का म्यूटेट (परिवर्तन) होना एक स्वाभाविक प्रक्रिया है। वायरस खुद को इसलिए बदलता है ताकि वह आसानी से फैल सके और ज्यादा लोगों को संक्रमित कर सके। कोरोना वायरस भी वही कर रहा है। औसतन कोरोना वायरस महीने में दो बार

खुद में परिवर्तन करता है।

**दुनिया में कितने म्यूटेशन हैं :**

तेजी से फैलने वाला B117 या 501YV1 वेरियंट पहले केंट में देखा गया, B1351 या 501YV2 वेरियंट पहली बार दक्षिण अफ्रीका में मिला और P1 या 501YV3 वैरिएंट पहली बार ब्राजील में देखा गया। अब तक पाए गए सबसे चिंताजनक म्यूटेशनों में से एक E484K या ईक है, यह स्पाइक प्रोटीन भी बदल देता है।

**ब्रिटेन : उम्र और रिस्क के आधार पर गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण को मंजूरी**

ब्रिटेन में गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण को मंजूरी दे दी गई है। नई गाइडलाइन में कहा गया है कि ऐसी महिलाएं जो गर्भधारण की कोशिश कर रही हैं, हाल में शिशु को जन्म दिया हो या स्तनपान करा रही हों, उन्हें भी टीका लगाया जा सकता है। टीका लगवाने के लिए महिला की उम्र और मेडिकल संबंधी रिस्क के आधार पर फैसला लिया जाएगा।

**ब्राजील : महिलाओं को चेतावनी पी-1 वेरियंट घातक**

ब्राजील में महिलाओं को गर्भधारण न करने की चेतावनी जारी की गई है। महिलाओं से कहा गया है कि जब तक कोरोना का सबसे बुरा दौर गुजर न जाए, तब तक वे गर्भवती न हों। स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारी राफेल पैरेंट ने बताया कि ब्राजील में पाए जाने वाले पी-1 वेरियंट पर किए गए परीक्षणों से पता चलता है यह वायरस गर्भवती महिलाओं में अधिक तेजी और आक्रामकता के साथ फैलता है।

*(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)*

**यदि आप प्रतिभा के साथ उत्कृष्टता प्राप्त नहीं कर सकते हैं, तो प्रयास से विजयी बनें – देव खीनवाउम**

गुनीत मोंगा

## फ्रांस का दूसरा सबसे बड़ा नागरिक सम्मान मिला

'द लंच बॉक्स' और 'मसान' जैसी फिल्मों की निर्माता गुनीत मोंगा को फ्रांस का दूसरा सबसे बड़ा नागरिक सम्मान मिला है। फ्रांस के विदेश मंत्री ज्यां यवेस ला द्रिआन ने दिल्ली स्थित फ्रांसीसी दूतावास में गुनीत मोंगा को फ्रांस के साथ मिलकर फिल्म निर्माण के जरिए विश्व सिनेमा में योगदान देने और महिला सशक्तिकरण के लिए अथक परिश्रम के वास्ते 'नाइट ऑफ द ऑर्डर ऑफ आर्ट्स एंड लेटर्स' से सम्मानित किया है। अपनी फिल्म निर्माण कंपनी सिख्या एंटरटेनमेंट के माध्यम से मोंगा ने कई फिल्मों का निर्माण किया है।

कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी

## स्नातकोत्तर छात्रवृत्ति कार्यक्रम में 9 भारतीय शामिल

कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय स्नातकोत्तर छात्रवृत्ति कार्यक्रम 'गेट्स कैम्ब्रिज स्कालरशिप 2021' में दुनिया भर से चुने गए 74 विद्यार्थियों में से 9 भारतीय छात्र भी शामिल हैं। गेट्स कैम्ब्रिज छात्रवृत्ति कार्यक्रम की इस साल 20वीं वर्षगांठ है और यह कार्यक्रम बिल और मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन द्वारा वर्ष 2000 में इस विश्वविद्यालय को 21 करोड़ डॉलर के दान से शुरू हुआ था। यह किसी भी एक व्यक्ति या संस्था की तरफ से विश्वविद्यालय को मिली सबसे बड़ी रकम थी।

सुशील चंद्रा

## मुख्य चुनाव आयुक्त नियुक्त

चुनाव आयुक्त सुशील चंद्रा को देश का नया मुख्य चुनाव आयुक्त नियुक्त किया गया है। राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने चंद्रा को 24वें मुख्य चुनाव आयुक्त के रूप में नियुक्त किया। वे अब तक मुख्य चुनाव आयुक्त रहे सुनील अरोड़ा का स्थान ले रहे हैं। चंद्रा को लोकसभा चुनाव से पहले 14 फरवरी 2019 को चुनाव आयुक्त के रूप में नियुक्त किया गया था।

सिंगापुर

## रोबोट से होगी दूध, अंडे और जरूरी सामान की डिलीवरी

सिंगापुर की कंपनी ओत्सवा ने स्पेशल रोबोट 'कमेलो' तैयार किया है जो शहर में लोगों के घर जाकर दूध, अंडे और जरूरी चीजों की डिलीवरी करेगा। कंपनी के मुताबिक ट्रायल के तौर पर एक साल के लिए 700 घरों में डिलीवरी की जाएगी। कमेलो रोबोट एप से बुकिंग होने पर 20 किलो तक वजनी सामान घर पहुंचाएगा। इसमें थ्री डी सेंसर, कैमरा और सामान रखने के दो कम्पार्टमेंट हैं। हर डिलीवरी के बाद ये खुद को सेनिटाइज करता है।

रंजीत रामचंद्रन

## आईआईएम में असिस्टेंट प्रोफेसर बने

केरल के 28 वर्षीय रंजीत रामचंद्रन आईआईएम रांची में असिस्टेंट प्रोफेसर बने हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने कच्चे मकान की तस्वीर शेयर कर लिखा आईआईएम के एक असिस्टेंट प्रोफेसर का जन्म इसी घर में हुआ था। वे बीएसएनएल टेलीफोन एक्सचेंज में 4 हजार के वेतन पर नाइट वॉचमैन थे। उन्होंने कहा मैं चाहता था कि मेरा जीवन उन युवाओं के लिए प्रेरणा बने जो सफलता पाने के लिए संघर्ष करते हैं।

ताइवान

## एक साल पहले झील में गिरा आइफोन मिला

ताइवान की सन मून झील में एक साल पहले एक आदमी का आईफोन-11 गिर गया था, लेकिन झील सूख जाने की वजह से उसे गिरा हुआ फोन वापस मिल गया। चेन नामक व्यक्ति जब पैडल बोर्डिंग कर रहे थे, तब उनका आईफोन-11 गिर गया था। अब अचानक फोन मिल गया और फोन चालू हालत में था।

ब्राजील में

## बन रही जीसस क्राइस्ट की प्रतिमा

ब्राजील दुनिया का पहला देश है, जो सात अजूबों में शामिल किसी प्रतिमा से भी ऊंची प्रतिमा बना रहा है। ब्राजील के एनकांटाडो जिले में 43 मीटर ऊंची प्रतिमा बनाई जा रही है। यह रियो स्थित 30 मीटर ऊंची क्राइस्ट द रिडीयर स्टेच्यू से 13 मीटर ऊंची होगी। इसके 28 मीटर चौड़ाई के दोनों हाथों का निर्माण पूरा हो चुका है। यह 2019 में शुरू हुआ था। इसके निर्माण में 2.61 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। प्रोजेक्ट की पूरी राशि डोनेशन से मिली है।

मिस्र

## तीन हजार साल पुरानी स्वर्ण नगरी मिली

मिस्र के पुरातत्वविदों को 3000 साल पुराने एक शहर का पता चला है। यहां मिट्टी की ईंटों के घर, कलाकृतियां और पुरातन काल के औजार मिले हैं। पुरातत्वविदों ने बताया कि दक्षिणी प्रांत लक्सर में दफन इस शहर को 'स्वर्ण नगरी' कहते थे। यह राजा अमेनहोतेप तृतीय के काल की है।

एर्ना सोलबर्ग

## नॉर्वे की प्रधानमंत्री ने तोड़ा नियम, लगा जुर्माना

नॉर्वे की प्रधानमंत्री एर्ना सोलबर्ग पर कोरोना काल में सोशल डिस्टेंसिंग नियम तोड़ने के लिए जुर्माना लगाया गया। प्रधानमंत्री ने फरवरी में अपना 60वां बर्थडे मनाने के लिए 13 परिजनों के साथ पार्टी की थी, जबकि एक जगह पर 10 लोगों से ज्यादा लोगों के इकट्ठा होने पर बैन लगा है। सोलबर्ग पर 20 हजार नॉर्वे क्राउन्स यानी 1,75,456 रुपये का जुर्माना लगा है।

नूरा अल मातरोउशी

## संयुक्त अरब अमीरात की पहली महिला अंतरिक्ष यात्री होंगी

संयुक्त अरब अमीरात ने अपने अंतरिक्ष कार्यक्रम के लिए दो अंतरिक्ष यात्रियों की घोषणा कर दी है। यह पहला मौका है, जब अरब में किसी महिला को अंतरिक्ष में भेजा जाएगा। पहली महिला अंतरिक्ष यात्री का नाम नूरा अल मातरोउशी है। 28 वर्षीय नूरा को 4 हजार आवेदकों में से चुना गया। नूरा ने मैकेनिकल इंजीनियरिंग में स्नातक की पढ़ाई की है। वहीं दूसरा नाम अतमुल्ला का है जो दुबई पुलिस में पायलट हैं। दोनों अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा से ह्यूस्टन में प्रशिक्षण लेंगे।

मीरा जोशी और राधिका फॉक्स

## बाइडेन प्रशासन में प्रमुख पदों पर नियुक्त

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने दो भारतीय अमेरिकी महिलाओं मीरा जोशी और राधिका फॉक्स को प्रमुख प्रशासनिक पदों पर नियुक्त किया है। इनमें से एक शीर्ष वकील और एक कार्यकारी अधिकारी हैं। जोशी को परिवहन विभाग में संघीय मोटर वाहन सुरक्षा प्रशासन के उप प्रशासक और फॉक्स को जल, पर्यावरण संरक्षण एजेंसी के सहायक प्रशासक के लिए नामित किया गया है।

शांटेल ग्याकेलोन

## ब्रेन डैमेज होने पर 220 करोड़ का मुआवजा मिला

अमेरिका के लॉस वेगास की अदालत ने एक्ट्रेस और मॉडल शांटेल ग्याकेलोन को 220 करोड़ रुपये का मुआवजा देने का निर्देश दिया है। शांटेल पिछले 8 साल से पैरालाइज्ड हैं और अपने माता-पिता के साथ अपनी जिंदगी गुजार रही हैं। शांटेल पीनट बटर बिस्किट खाने के बाद ब्रेन डैमेज का शिकार हो गई थीं। उन्हें उनकी ही साथी मॉडल ने धोखे से बिस्किट खिला दिया था। उन्हें पीनट बटर से एलर्जी थी। इससे एनाफायलेक्टिक स्थिति बनने के बाद उनका ब्रेन डैमेज हो गया था।

डेरियस रैबिट

## चोरी हुआ दुनिया का सबसे बड़ा खरगोश

दुनिया का सबसे बड़ा खरगोश डोरियस जिसका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज था, उसे किसी ने चोरी कर लिया है। 129 सेन्टीमीटर लंबा यह खरगोश 2010 में गिनीज रिकॉर्ड में सम्मिलित हुआ था। ब्रिटेन की पुलिस शिकायत के बाद तुरंत खोजने में जुट गई है। खरगोश की मालकिन एनेट एडवर्ड्स ने चोर का पता लगाने और खरगोश को वापस लाने पर तकरीबन एक लाख रुपये का भारी ईनाम घोषित किया है।

'पुगल्या'

## मराठी फिल्म ने जीता मॉस्को इंटरनेशनल पुरस्कार

मराठी फिल्म पुगल्या ने मॉस्को इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2021 में सर्वश्रेष्ठ विदेशी भाषा फीचर फिल्म का पुरस्कार जीता है। फिल्म के डायरेक्टर विनोद सैम पीटर ने बताया कि पुगल्या एक ऐसी कहानी है, जो एक पग और 2 लड़कों रुशब तथा दत्ता के इर्द-गिर्द घूमती है, जिनकी उम्र लगभग 10 साल है।

कान्ये वेस्ट

## 7.5 करोड़ रुपये में बिक सकते हैं रैपर के जूते

अमेरिका के स्टार रैपर कान्ये वेस्ट के जूते 7.5 करोड़ रुपये में बिक सकते हैं। सोदबी के नीलामी घर के अनुसार वेस्ट ने यह जूते 2008 में 50वें वार्षिक ग्रैमी अवॉर्ड्स में पहने थे। नीलामी घर ने कहा कि यह किसी जूते की अब तक की सबसे ज्यादा कीमत होगी।

# स्मृति शेष

## महारानी एलिजाबेथ के पति प्रिंस फिलिप का निधन

ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के पति प्रिंस फिलिप का 99 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। फिलिप को ड्यूक ऑफ एडिनबर्ग भी कहा जाता था। 1947 में एलिजाबेथ से विवाह हुआ था। उन्होंने 2017 में सार्वजनिक जीवन से संन्यास ले लिया था। पिछले सप्ताह समारोह पूर्वक राजकीय सम्मान के साथ फिलिप को अंतिम विदाई दी गई।

## फिल्म अभिनेता सतीश कौल का कोरोना से निधन

पंजाबी फिल्मों के लोकप्रिय अभिनेता 76 वर्षीय सतीश कौल का कोरोना से निधन हो गया। पिछले कुछ सालों से आर्थिक स्थिति ठीक न होने की वजह से वे गुमनामी का जीवन जी रहे थे। उन्होंने हिंदी सीरियल के अलावा पंजाबी भाषा के टेलीविजन सीरियल और फिल्मों में अभिनेय कर लोकप्रियता हासिल की थी।

## अभिनेता तारिक शाह का निधन

वॉलीवुड के अभिनेता निर्देशक तारिक शाह का किडनी की बीमारी से निधन हो गया। उन्होंने जन्म कुंडली, बहार आने तक जैसी सुपर डुपर हिट फिल्मों का निर्देशन किया था। उन्होंने 22 फिल्मों और कई टेलीविजन सीरियल में भी काम किया था।

## ब्लू एलईडी के आविष्कारक प्रोफेसर अकासाकी का निधन

जापान के वैज्ञानिक प्रोफेसर इसामु अकासाकी का 92 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उन्हें 2014 में भौतिकी के लिए संयुक्त रूप से नोबेल पुरस्कार मिला था। 1990 में उन्होंने ब्लू एलईडी लाइट का आविष्कार किया था। इस एलईडी के जरिये ना केवल बिजली की खपत में बचत होती थी, बल्कि दुनियाभर में विद्युत क्रांति पैदा हो गई।

## पूर्व चुनाव आयुक्त जीवीजी कृष्णमूर्ति का निधन

पूर्व निर्वाचन आयुक्त जीवीजी कृष्णमूर्ति का उम्र संबंधी बीमारियों के चलते 86 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। वे 1993 में निर्वाचन आयुक्त बने थे।

*(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गुगल से साभार)*

किसी को हराना तो आसान है, लेकिन हारते हुये को जिताना बहुत कठिन है – चाणक्य

(पृष्ठ 90 का शेष)

| | |
|---|---|
| 8. | उम्मीदवारों को इस विज्ञापन के अनुरूप अपेक्षित अर्हताओं के अलावा अर्जित की गई अपनी शैक्षणिक अर्हताओं को घोषित कर देना चाहिए. |
| 9. | उम्मीदवारों के पास एक वैध ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर होना अपेक्षित है. इसे इस भर्ती के संचालन के दौरान सक्रिय रखा जाना चाहिए. निष्क्रिय मोबाइन नंबर/ई-मेल आईडी पर प्राप्त नहीं होने वाले संदेशों के लिए यह सेंटर जिम्मेदार नहीं होगा. |
| 10. | इस अनुसंधान केंद्र के पास पद को भरने अथवा यहां तक कि आगे बगैर कोई सूचना जारी किए अथवा इसका कोई कारण बताए बिना संपूर्ण भर्ती प्रक्रिया को निरस्त/सीमित/संशोधित/परिवर्तित करने का अधिकार सुरक्षित है. |
| 11. | चयनित उम्मीदवारों की तैनाती रिक्तियों की उपलब्धता के अनुरूप सक्षम प्राधिकारी के विवेक पर की जाएगी. **उन्हें भारत में कहीं भी,** परमाणु ऊर्जा विभाग की किसी भी संबद्ध इकाई में सेवा करनी पड़ सकती है. इसके अलावा, ड्यूटियों में चौबीसों घण्टे पारियों सहित पारियों में कार्य करना, फील्ड कार्य और प्रचालन क्षेत्रों में कार्य करना शामिल हो सकता है. |
| 12. | उम्मीदवार जिन्होंने ऑनलाइन आवेदन की प्राप्ति की अंतिम तिथि **(20.05.2021)** को विज्ञापन में निर्धारित अपेक्षित शैक्षणिक अर्हता अर्जित नहीं की है वे पात्र नहीं होंगे और उन्हें आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है. |
| 13. | यदि विश्वविद्यालय/बोर्ड अक्षर ग्रेड/सीजीपीए/ओजीपीए/एसजीपीए प्रदान करते हैं, इसका उस विश्वविद्यालय/बोर्ड के अनुरूप समकक्ष अंक प्रतिशतता के तौर पर उल्लेख करना होगा. इसके अभाव में उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा. उम्मीदवार दस्तावेज सत्यापन के समय संबंधित संस्थान से कन्वर्जन का सबूत प्रस्तुत करने में समर्थ होना चाहिए. |
| 14. | केंद्रीय/राज्य सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, स्वायत्त संस्थाओं आदि के अधीन कार्यरत उम्मीदवारों के लिए लिखित परीक्षा/कौशल परीक्षा/साक्षात्कार के समय ''अनापत्ति प्रमाणपत्र'' प्रस्तुत करना अपेक्षित है, अन्यथा उन्हें लिखित परीक्षा/कौशल परीक्षा/साक्षात्कार के लिए उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी. |
| 15. | अजा/अजजा/अपिव/ईडब्ल्यूएस श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों को आवेदन-पत्र में इसका स्पष्ट उल्लेख करना चाहिए (यहां तक कि जब वे अना रिक्ति के लिए भी आवेदन कर रहे हैं) और उन्हें लिखित परीक्षा/कौशल परीक्षा/साक्षात्कार (यदि लागू है) के समय विनिर्दिष्ट प्रपत्र में इसका सबूत प्रेषित करना चाहिए अन्यथा उन्हें अनारक्षित (अना) समझा जाएगा और बाद में समुदाय के दर्जे में परिवर्तन के लिए किसी अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा. |
| 16. | **उम्मीदवारों को वेबसाइट की नियमित रूप से जांच करनी चाहिए. भर्ती के संबंध में सभी सूचना वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जाएंगी. वेबसाइट पर प्रदर्शित सूचना को उम्मीदवारों को सूचना के तौर पर माना जाएगा.** |
| 17. | स्क्रीनिंग परीक्षा/लिखित परीक्षा/कौशल परीक्षा/साक्षात्कार के समय, उम्मीदवार को ऑनलाइन आवेदन पत्र और प्रवेश पत्र (वेबसाइट से डाउनलोड किया जाना है) का प्रिंट आउट साथ में मूल रूप में पहचान के समर्थन में दस्तावेज (आधार कार्ड/पैन कार्ड/ड्राइविंग लाइसेंस/वोटर कार्ड) और विज्ञापन में यथा उल्लिखित सभी संगत दस्तावेजों की स्वयं सत्यापित प्रतियां लेकर आना चाहिए. |
| 18. | उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा/कौशल परीक्षा/साक्षात्कार (यदि लागू है) के लिए 2 से 3 दिन कोलकाता में ठहरने के लिए तैयार होकर आना चाहिए. |
| 19. | भूतपूर्व सैनिक जो कि भूतपूर्व सैनिकों को उनके पुनः रोज़गार के लिए प्रदान किए गए आरक्षण का लाभ लेने के उपरांत नियमित आधार पर सरकार में सिविल साइड में रोज़गार पहले ही अर्जित कर चुके हैं वे भूतपूर्व सैनिक श्रेणी के अधीन आरक्षण के लाभ का दावा करने के लिए पात्र नहीं हैं. |

**VIII स्क्रीनिंग परीक्षा/लिखित परीक्षा/कौशल परीक्षा/साक्षात्कार के समय प्रस्तुत किए जाने वाले प्रमाणपत्रों की प्रतियां.**

| | |
|---|---|
| 1. | शैक्षणिक अर्हताएं, अनुभव (जैसा कि लागू है) और तकनकी अर्हताएं (उचित अंक शीटों से समर्थित* परीक्षा में ऑफर किए गए विषयों को इंगित करते हुए). **(*सेमेस्टर/वर्ष वार अंक शीट और समेकित अंक शीट)** |
| 2. | एकीकृत पाठ्यक्रम प्रमाणपत्र रखने वाले उम्मीदवारों को विज्ञापन में किए गए उल्लेख के अनुसार व्यक्तिशः डिग्री/डिप्लोमा प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना चाहिए. |
| 3. | जन्म तिथि/आयु का सबूत. |
| 4. | अजा/अजजा श्रेणी (प्रमाणपत्र परिशिष्ट-1* में दिए गए निर्धारित प्रपत्र में सक्षम प्राधिकारी से जारी किया गया होना चाहिए. समुदाय संबंधित राज्य के संबंध में राष्ट्रपति के आदेशों में सम्मिलित होना चाहिए). |
| 5. | अपिव उम्मीदवारों का जाति प्रमाणपत्र केंद्रीय सरकार के निर्धारित प्रारूप में अधिकृत प्राधिकारी से जारी किया गया होना चाहिए साथ में गैर संपन्न वर्ग प्रमाणपत्र होना चाहिए तथा जाति/समुदाय अन्य पिछड़ा वर्गों की केंद्रीय सूची में शामिल होनी चाहिए. अपिव गैर संपन्न वर्ग प्रमाणपत्र के निर्धारण के लिए निर्णायक तिथि ऑनलाइन आवेदन की बंद होने की तिथि (20.05.2021) होगी. अपिव उम्मीदवारों को **परिशिष्ट-2*** में दिए गए अनुसार प्रारूप में गैर संपन्न वर्ग की स्व घोषणा भी संलग्न करनी चाहिए. आयु में छूट और आरक्षण के उद्देश्य के लिए अपिव से आशय है: ''अपिव श्रेणियों के व्यक्ति जो कि संपन्न वर्ग से संबंधित नहीं है, जैसा कि भारत सरकार, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के का.ज्ञा. सं. 36012/22/93-स्था. (एससीटी) दिनांक 08.09.93 में परिभाषित और भारत सरकार, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के का.ज्ञा. सं. 36033/3/2004-स्था. (आर.) दिनांक 09.03.2004, का.ज्ञा. सं. 36033/3/2004-स्था. (आर.) दिनांक 14.10.2008, का.ज्ञा. सं. 36033/1/2013-स्था. (आर.) दिनांक 09/03/2004, का.ज्ञा. सं. 36033/3/2004-स्था. (आर.) दिनांक 14.10.2008, का.ज्ञा. सं. 36013/1/2013-स्था. (आर.) दिनांक 27/05/2013 और भारत सरकार, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के का.ज्ञा. सं. 36033/1/2013-स्था. (आर.) दिनांक 13.09.2017 के तहत नवीनतम संशोधन में यथा परिभाषित है. **(परिशिष्ट-3* में दिए गए प्रपत्र के अनुरूप).** |
| 6. | डिस्चार्ज प्रमाणपत्र (केवल भूतपूर्व सैनिक कार्मिक के लिए लागू) |
| 7. | अजा/अजजा/अपिव श्रेणियों से संबंधित महाराष्ट्र राज्य से उम्मीदवारों के लिए 23 मई 2001 को महाराष्ट्र सरकार राजपत्र में प्रकाशित महाराष्ट्र अनुसूचित जातियां, अनुसूचित जनजातियां, डी-नोटिफाइड ट्राइब्स, (विमुक्त जातियां), नोमेडिक ट्राइब्स, अन्य पिछड़ा वर्ग और विशेष पिछड़ी श्रेणी (जारी करने और सत्यापन के विनियम) जाति प्रमाणपत्र अधिनियम, 2000 के अनुरूप जांच समिति से वैधता प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है. |
| 8. | शारीरिक निःशक्तता के संबंध में उपयुक्त प्राधिकारी से निःशक्तता प्रमाणपत्र [अनुलग्नक-4 में दिए गए प्रपत्र के अनुरूप* **(निःशक्त व्यक्तियों के लिए लागू)**]. **(क)** केंद्रीय सरकार द्वारा निःशक्त व्यक्ति (समान अवसर, अधिकारों की संरक्षा और पूर्ण भागीदारी) अधिनियम, 1995 (1996 का 1) के अनुच्छेद 73 के उप अनुच्छेद (1) और (2) द्वारा प्रदत्त की गई शक्तियों का प्रयोग करते हुए 31.12.1996 को अधिसूचित निःशक्त व्यक्ति (समान अवसर, अधिकारों की संरक्षा और पूर्ण भागीदारी) नियम, 1996 के अनुरूप निःशक्तता प्रमाणपत्र केंद्रीय अथवा राज्य सरकार द्वारा विधिवत गठित चिकित्सा बोर्ड द्वारा जारी किया जाएगा. केंद्रीय/राज्य सरकार एक चिकित्सा बोर्ड का गठन कर सकती हैं जिसमें कम से कम तीन सदस्य हों, जिनमें से कम से कम एक सदस्य संगत क्षेत्र से विशेषज्ञ होगा. **(ख)** जिनकी निःशक्तता अस्थाई है उनका प्रमाणपत्र 5 वर्ष की अवधि के लिए वैध होगा. जहां कहीं निःशक्तता की डिग्री में परिवर्तन के अवसर हैं चिकित्सा बोर्ड प्रमाणपत्र की वैधता की अवधि को इंगित करेगा. जिनकी स्थाई निःशक्तता है, वैधता को स्थाई के तौर पर दर्शाया जा सकता है. आवेदक के अभ्यावेदन पर चिकित्सा बोर्ड सभी तथ्यों और मामले की स्थितियों के संबंध में अपने निर्णय की संवीक्षा कर सकता है और मामले में जो वह उचित समझता है आदेश पारित कर सकता है. **(ग)** अजा/अजजा/अपिव निःशक्त व्यक्ति जिनका चयन बिना किसी रियायत मानदंडों के अपनी मैरिट पर अन्य उम्मीदवारों के साथ होता है उन्हें अनारक्षित रिक्तियों के तहत विचार में लिया जाएगा बशर्ते कि पद की संगत श्रेणी के निःशक्त व्यक्तियों की पहचान की गई है (यथा लागू). |
| 9. | उम्मीदवार जो कि अजा/अजजा/अपिव के लिए आरक्षण की योजना के तहत नहीं आते हैं और जो कि ईडब्ल्यूएस श्रेणी के अंतर्गत आते हैं वे सक्षम प्राधिकारी से जारी आय और परिसंपत्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करते हुए ईडब्ल्यूएस के अधीन आरक्षण का लाभ ले सकते हैं. इस विज्ञापन के लिए ऑनलाइन आवेदन के लिए बंद होने की स्थिति के अनुरूप ईडब्ल्यूएस दर्जे पर ही आरक्षण का लाभ लेने हेतु, यदि पात्र हैं, विचार में लिया जाएगा. इसके बाद उम्मीदवार के समुदाय/ईडब्ल्यूएस दर्जे में किसी भी परिवर्तन पर विचार नहीं किया जाएगा. आय और परिसंपत्ति प्रमाणपत्र **अनुलग्न-5*** में दिए गए निर्धारित प्रपत्र में होना चाहिए. |
| 10. | इस बात का सबूत कि वे 1984 के दंगों से प्रभावित हैं (यदि आयु में छूट का दावा कर रहे हैं). |
| 11. | **01.01.1980 से 31.12.1989 तक** कश्मीर डिविजन में अधिवासी होने के संबंध में दावा (यदि कश्मीर डिविजन के लिए आयु में छूट का दावा कर रहे हैं). **आवास के सबूत का प्रमाणपत्र :** कोई व्यक्ति जो कि नियम-3 के अधीन देय आयु सीमा में इस छूट का लाभ लेने का इच्छुक है कश्मीर डिविजन में जिलाधीश से, जिसके कार्याधिकार क्षेत्र में वह साधारणतः निवासी था, अथवा जम्मू एवं कश्मीर सरकार की ओर से किसी अन्य अधिकृउत प्राधिकारी से इस संबंध में एक प्रमाणपत्र प्रस्तुत करेगा कि वह 1 जनवरी, 1980 से 31 दिसंबर, 1989 तक की अवधि के दौरान जम्मू एवं कश्मीर की कश्मीर डिविजन का साधारणतः अधिवासी रहा है. |
| 12. | कोई अन्य संगत प्रमाणपत्र (यदि लागू है). |
| | *अनुलग्नक वेबसाइट: **<https://recruitment.vecc.gov.in>** पर लिंक **<JobApplication' Download Forms>** से डाउनलोड किए जा सकते हैं. |
| | **चेतावनी:** **(क)** विज्ञापन में यथा निर्धारित अपेक्षाएं पूरी करने मात्र से कोई उम्मीदवार लिखित परीक्षा/शारीरिक मूल्यांकन परीक्षा/साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने के लिए अर्हक नहीं हो जाएगा. अचयनित उम्मीदवारों से किसी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा. **(ख)** उम्मीदवारों को उनके ऑनलाइन आवेदन-पत्र में उनके द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना के आधार पर शारीरिक मूल्यांकन/लिखित परीक्षा/कौशल परीक्षा/साक्षात्कार के लिए अल्पसूचीबद्ध किया जाएगा. उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए यह सूचना सही है. यदि किसी भी चरण में अथवा साक्षात्कार के समय, यह पाया जाता है कि उनके द्वारा ऑनलाइन आवेदन-पत्र में दी गई सूचना अथवा उनके द्वारा किया गया कोई दावा झूठ्र है तो उनकी उम्मीदवारी नामंजूर कर दी जाएगी और जो भी उचित होगी अन्य उपयुक्त कार्रवाई भी की जा सकती है. |
| | **इस भर्ती के संबंध में कोई भी विवाद केवल कोलकाता में स्थित अदालतों के कार्याधिकार क्षेत्र में होगा.** |
| | **अचयनित उम्मीदवारों के रिकॉर्ड को चयन सूची तैयार होने की तिथि से 6 माह से अधिक संरक्षित नहीं रखा जाएगा.** |
| | **किसी भी प्रकार की सिफारिश को अयोग्यता माना जाएगा.** |

# मध्यप्रदेश में 75.77 लाख व्यक्तियों का हुआ टीकाकरण

**भोपाल,** मध्यप्रदेश में कोरोना संक्रमण को रोकने, प्रभावितों के उपचार की व्यवस्थाओं के साथ ही कोविड-19 टीकाकरण का कार्य भी युद्ध-स्तर पर किया जा रहा है। शुरूआती दिन से 20 अप्रैल तक प्रदेश में 75 लाख 77 हजार 909 लोगों का टीकाकरण किया जा चुका है। इसमें 67 लाख 56 हजार 349 व्यक्तियों को वैक्सीन की प्रथम डोज और 8 लाख 21 हजार 560 व्यक्तियों को वैक्सीन की दूसरी डोज लगाई जा चुकी है। आगामी एक मई से 18 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्तियों को वैक्सीन लगाने का अभियान शुरू होगा। अब तक हुए टीकाकरण में 7 लाख 45 हजार 262 हेल्थ केयर वर्कर, 6 लाख 37 हजार 767 फ्रंटलाइन वर्कर, 30 लाख 83 हजार 144 सिटीजन (45 से 59 वर्ष) और 31 लाख 11 हजार 736 सीनियर सिटीजन (60 वर्ष से अधिक) का टीकाकरण हो चुका है। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेशव्यापी टीकाकरण अभियान में सभी वर्गों से सहयोग की अपील की है। श्री चौहान के आव्हान पर अनेक समाजसेवी संगठनों, संस्थाओं ने आगे आकर टीकाकरण अभियान को सफल बनाने में सहयोग किया है।

## कार्यालय अधिष्ठाता गजराराजा चिकित्सा महाविद्यालय ग्वालियर

क्रमांक 12411/नर्सिंग/2021 ग्वालियर, दिनांक : 15.04.2021

### विज्ञप्ति

संचालक, संचालनालय चिकित्सा शिक्षा, 6वीं मंजिल, सतपुड़ा भवन, भोपाल मध्यप्रदेश के पत्र क्रमांक 591-96/स्था./नर्सिंग/2021 भोपाल, दिनांक 12.04.2021 के तहत सत्र 2020-21 हेतु पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग/एम.एस.सी. नर्सिंग पाठ्यक्रम हेतु आवेदन 18.04.2021 से स्वाशासी गजराराजा मेडिकल कॉलेज ग्वालियर की वेबसाइट **www.grmcgwalior.org** पर ऑनलाइन प्रारूप से आमंत्रित है, आवेदन संबंधी/सीट के संबंधी/शिक्षण शुल्क से संबंधी समस्त जानकारी एवं दिशा निर्देश उपरोक्त वेबसाइट पर **18.04.2021** से उपलब्ध होंगे।

अधिष्ठाता

जी-11878/45495/2021 गजराराजा चिकित्सा महाविद्यालय, ग्वालियर

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री
## लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड टीकमगढ़ म.प्र.
### निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य की निविदाएं ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल **http://mptenders.gov.in** पर टीकमगढ़ जिले के विभिन्न विकासखण्डों के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन के अंतर्गत पेयजल व्यवस्था किये जाने हेतु निम्नानुसार कार्यों की निविदायें आमंत्रित है।

**कार्य का नाम** : टीकमगढ़ जिले के विकासखण्ड बल्देवगढ़ के ग्राम मातोल में जल जीवन के अंतर्गत पाइप लाइन, घरेलू कनेक्शन एवं विद्युत संयोजन कार्य।

| निविदा क्रमांक दिनांक | सिस्टम क्रमांक | आमंत्रण की स्थिति | निविदा की कुल लागत रु. (लाख में) | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण की समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 06/2021-22 | 2021_PHED_139839_1 | द्वितीय | 233.16 | 233160/- | 15000/- | 06 माह वर्षा काल छोड़कर |

**निविदा से संबंधित समस्त दस्तावेज मय धरोहर राशि के दिनांक 26.04.2021 सायं 5:30 बजे तक ऑनलाइन ही अपलोड किये जावेंगे। ऑफलाइन प्राप्त दस्तावेजों या एफ.डी.आर. वाले निविदा प्रपत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा।** समस्त विवरण **http://mptenders.gov.in** वेबसाइट पर/अथवा अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन ही क्रय किये जा सकते हैं एवं निविदा दरें ऑनलाइन ही प्रस्तुत करनी होगी। समस्त प्रक्रिया 'की डेट्स' अनुसार करनी होगी। **भविष्य में निविदा आमंत्रण सूचना में किये जाने वाले संशोधन ऑनलाइन वेबसाइट पर ही प्रदर्शित होंगे। समाचार पत्रों में प्रकाशनार्थ प्रेषित नहीं किये जावेंगे।**

कार्यपालन यंत्री

जी-11883/45494/2021 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड टीकमगढ़, म.प्र.

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री
## लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, डिण्डौरी (म.प्र.)

नि.सू.क्र./31-39/ब.ले.लि./का.यं./लो.स्वा.यां./2021 डिण्डौरी, दिनांक : 19.04.2021

### निविदा आमंत्रण सूचना

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा निम्नानुसार ई-टेण्डर ऑनलाइन डिजिटल मुहरबंद (Digitaly Scaled) डिण्डौरी जिले के अंतर्गत 1) Retrofitting work of Existing Piped Water Supply Scheme all Under JJM, and 2) Quality effected village Piped Water Supply Scheme. हेतु ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसका अवलोकन **https://www.mptenders.gov.in** वेबसाइट में किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र केवल ऊपर उल्लेखित वेबसाइट से ऑनलाइन क्रय किये जा सकते है। जिसके मूल्य का भुगतान केश-कार्ड, ए.टी.एम., कम डेबिट कार्ड या इण्टरनेट बैंकिंग से किया जावेगा। निविदा प्रपत्र दिनांक 23.04.2021 को प्रातः 11.00 बजे से **दिनांक 07.05.2021** सायं 17:30 बजे तक ऑनलाइन प्रस्तुत किये जा सकते है।

**निविदा में संशोधन की स्थिति में उक्त वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। जिसका पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना एवं अन्य जानकारी उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।**

**स.क्र. एवं विवरण :- 1. Retrofitting work of Existing Piped Water Supply Scheme Under JJM.**

| ई निविदा क्र. | नि.सू. क्र. | वि.ख./ग्राम | अनु. लागत (PAC) (रु. लाख में) | धरोहर राशि (PAC) (रु. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में) | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2021_PHED_140177_1 | 31 | ग्राम मझियाखार विकासखण्ड बजाग | 161.18 | 161180/- | 12500/- | पांचवां आमंत्रण |
| **2. Retrofitting Work of Existing Piped Water Supply Scheme Under JJM.** | | | | | | |
| 2021_PHED_140178_1 | 32 | ग्राम देवलपुर, विकासखण्ड समनापुर | 111.55 | 111550/- | 12500/- | तृतीय आमंत्रण |
| **3. Retrofitting Work of Existing Piped Water Supply Scheme Under JJM.** | | | | | | |
| 2021_PHED_140181_1 | 33 | ग्राम गाडासरई एवं गन्नागूढ़ा विकासखण्ड बजाग | 253.28 | 253280/- | 15000/- | तृतीय आमंत्रण |
| **4. Retrofitting Work of Existing Piped Water Supply Scheme Under JJM.** | | | | | | |
| 2021_PHED_140182_1 | 34 | ग्राम बजाग माल, एवं बजाग रैयत पडरिया डोंगरी विकासखण्ड बजाग | 253.28 | 253300/- | 15000/- | तृतीय आमंत्रण |
| **5. Retrofitting Work of Existing Piped Water Supply Scheme Under JJM.** | | | | | | |
| 2021_PHED_140183_1 | 35 | ग्राम खम्हरिया माल (बी) एवं धन्नू टोला विकासखण्ड मेंहदवानी | 105.98 | 105980/- | 12500/- | तृतीय आमंत्रण |
| **6. Retrofitting Work of Existing Piped Water Supply Scheme Under JJM.** | | | | | | |
| 2021_PHED_140184_1 | 36 | ग्राम धनवासी विकासखण्ड अमरपुर | 95.18 | 95180/- | 10000/- | चतुर्थ आमंत्रण |
| **7. Quality effected village of Village Kailwara Block Dindori Distt. Dindori.** | | | | | | |
| 2021_PHED_140185_1 | 37 | ग्राम कैलवारा विकासखण्ड डिण्डौरी | 77.12 | 77120/- | 10000/- | तृतीय आमंत्रण |
| **8. Quality effected village of Village Boodhan & Ganwahi Block Dindori Distt. Dindori.** | | | | | | |
| 2021_PHED_140186_1 | 38 | ग्राम बुढन एवं गनवाही विकासखण्ड डिण्डौरी | 155.45 | 155450/- | 12500/- | तृतीय आमंत्रण |
| **9. Quality effected village of Village Imalai Mal, Nigwani Mal, Jamuniya Block Dindori Distt. Dindori.** | | | | | | |
| 2021_PHED_140187_1 | 39 | ग्राम इमलई माल, निगवानी एवं जमुनिया गनवाही विकासखण्ड डिण्डौरी | 147.44 | 147440/- | 12500/- | तृतीय आमंत्रण |

सदस्य सचिव
जिला जल एवं स्वच्छता मिशन कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड डिण्डौरी (म.प्र.)

जी-12002/45496/2021

## कार्यालय संभागीय परियोजना यंत्री
## लोक निर्माण विभाग, परियोजना क्रियान्वयन इकाई
## कला मंदिर रोड स्वागत भवन, रीवा (म.प्र.)
### निविदा विज्ञप्ति

**एनआईटी नं. 11/2021/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण/एपीडी/पी.आई.यू./853 रीवा, दिनांक 16.04.2021**

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से लोक निर्माण विभाग पी.आई.यू. रीवा द्वारा ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिष्ठित कंसलेटेंटों से मध्यप्रदेश शासन द्वारा जारी पुर्नघनत्वीकरण योजना के अंतर्गत निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। कंसलटेंट सलेक्शन की प्रक्रिया आर.एफ.पी. डाक्यूमेंट की शर्तों के अनुसार की जावेगी -

| ई-टेण्डर सिस्टम नं. | कार्य का नाम | अनुमानित परियोजना लागत | अनुमानित कंसलटेंसी फीस (पी.ए.सी.) | निविदा प्रपत्र की कीमत | धरोहर राशि (ईएमडी) |
|---|---|---|---|---|---|
| 2021_PWPIU_139961_1 (प्रथम आमंत्रण) | पुर्नघनत्वीकरण योजना के अंतर्गत रीवा में व्यवहार्यता प्रतिवेदन प्राक्कलन तैयार करना, आर्किटेक्चरल सेवाएं, टेण्डर डाक्यूमेंट तैयार करना एवं अन्य विविध कार्य। | रु. 6638.99 लाख | रु. 199.17 लाख | रु. 12,500/- (बारह हजार पांच सौ मात्र) | रु. 1,99,170/- (रुपये एक लाख निन्यान्वे हजार एक सौ सत्तर मात्र) |

1. निविदा से संबंधित बिड डाक्यूमेंट वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाइन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैश कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन दिनांक 20.04.2021 समय 09.00 AM से **दिनांक 04.05.2021 समय 6.00 PM तक** खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है।
4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाइट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

संभागीय परियोजना यंत्री

जी-11892/45493/2021 लो.नि.वि. पी.आई.यू. रीवा म.प्र.

## M.P. INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED

(Government of Madhya Pradesh Undertaking)
(Formerly M.P. Audyogik Kendra Vikas Nigam (I) Ltd.)
REGIONAL OFFICE, INDORE
101, First Floor, Atulya IT Park, Near Crystal IT Park,
Khandwa Road, Indore–452001 (M.P.), CIN : U51102MP1977SGC001392
Phone : (O) 0731-2970611, 2974363,2971311, Fax : 0731-2972629
Website : invest.mp.gov.in I E-mail : ed.roind@mpidc.co.in

No. MPIDC/RO/IND/TECH/20/5739 DATE : 19.04.2021

### NOTICE INVITING TENDER

